

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 23 मार्च 2025 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-09 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-350 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजधानी में अपराधियों के बीच विवाद

**रायपुर,23 मार्च।** रायपुर के नेहरू नगर इलाके में अपराधियों के बीच आपसी विवाद के चलते पिस्टल तानने की घटना सामने आई है। इस विवाद में निगरानी बदमाश मुकेश बनिया पर दूसरे बदमाश ने पिस्टल तान दी, जिसके बाद खुद को धमकी मिलते देख मुकेश बनिया ने भी अपनी पिस्टल निकाल ली। सूत्रों के अनुसार, यह विवाद बीती रात कोतवाली थाना क्षेत्र में नशा कारोबार से जुड़ा हुआ था। इसी दौरान मुकेश बनिया के गुर्गों ने दूसरे बदमाश के साथ मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, लेकिन कोतवाली थाना पुलिस को इसकी जानकारी एक दिन बाद मिली। पुलिस अधिकारियों से जब इस मामले में मीडिया ने जानकारी लेनी चाही, तो उन्होंने आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इससे यह सवाल उठता है कि आखिर पुलिस की कार्रवाई इतनी देरी से क्यों हो रही है और अपराधी इस तरह खुलेआम हथियार लहराने में कैसे सक्षम हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस तरह की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है और पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस की ओर से किसी भी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

### ट्रैक्टर से गिरकर शराबी चालक की मौत

**रायगढ़,23 मार्च।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में तेज रफ्तार ट्रैक्टर खेत की मेड से टकरा जाने से ट्रैक्टर से गिरकर चालक की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम माझीआमा निवासी पुरन साय पैकरा ने लैलूंगा थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह समलेश्वरी स्टोन क्रेशर में मुंशी का कार्य करता है। वहीं, गंगाधर माझी स्टोन क्रेशर में चौकीदार का काम करता है। कल क्रेशर बंद था, इसी दौरान रात 11 बजे के आसपास गंगाधर माझी शराब के नशे में ट्रेक्टर को बिना बताये लेकर चला गया। इस दौरान जब वह ग्राम पाकरगांव मेन रोड़ के पास पहुंचा ही था कि खेत मेड से टकरा कर ट्रैक्टर से गिर गया। इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिस वजह से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जाम में जुटी है।

### डोडा में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**जम्मू ,23 मार्च।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह बरामदगी डोडा की भद्रवाह तहसील के भलरा इलाके में तलाशी के दौरान की गई। अधिकारियों ने कहा, संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान, एके-सीरीज के 25 कारतूस, एक पिस्तौल, तीन पिस्तौल मैगजीन और पिस्तौल के छह कारतूस बरामद किए गए हैं। यह एक महत्वपूर्ण जब्ती है जो क्षेत्र में उपद्रवी तत्वों की मौजूदगी को दर्शाती है।

# आंबेडकर को भी मंजूर नहीं था धर्म आधारित आरक्षण

**नागपुर,23 मार्च।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने मुस्लिमों को ठेकेदारी में 4 प्रतिशत आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के फैसले का विरोध किया है। आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसाबले ने कहा कि भारतीय संविधान में धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं किया गया था, जिसे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने तैयार किया था। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने शनिवार को अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि सभा में संगठनात्मक कार्यों का विश्लेषण, विकास, प्रभाव और समाज परिवर्तन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि संघ ने गत 100 वर्षों में कार्य के विस्तार और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। संघ की यात्रा के बारे में जानकारी दी और एक शाखा से लेकर पूरे देश में क्रमिक विस्तार की जानकारी रखी। उन्होंने कहा कि संघ का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी होना है, जो समाज और राष्ट्र के सभी पहलुओं को स्पर्श करे। संघ आज देश के 134 प्रमुख संस्थानों में मौजूद है और आने वाले वर्षों में सभी संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

**बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न पर प्रस्ताव-**




मुस्लिम रिजर्वेशन का आरएसएस ने किया विरोध

अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में पारित बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान शीर्षक वाले प्रस्ताव पर कहा कि संघ बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामी तत्वों के हाथों हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हो रही हिंसा, उत्पीड़न और लक्षित उत्पीड़न पर गहरी चिंता व्यक्त करता है। बांग्लादेश की स्थिति पर अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। प्रस्ताव में धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है।

**बांग्लादेश में हिन्दुओं पर लगातार अत्याचार-** अरुण कुमार ने कहा कि मठों, मंदिरों पर हमले, देवी-देवताओं की अपवित्रता, संपत्तियों की लूट और जबरन धर्म परिवर्तन निंदनीय है, लेकिन संस्थागत उदासीनता और सरकारी निष्क्रियता के कारण अपराधियों का हौसला बढ़ गया है। बांग्लादेश में हिन्दू आबादी में लगातार गिरावट पर अरुण जी ने कहा कि 1951 में 22त्न से घटकर आज केवल 7.95त्न रह गई है, यह संकट की गंभीरता को दर्शाता है। हिन्दुओं का ऐतिहासिक उत्पीड़न, विशेष रूप से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच, एक सतत मुद्दा बना हुआ है। हालांकि, पिछले साल संगठित हिंसा का स्तर और सरकार की निष्क्रियता चिंताजनक है।

# बैंकॉक में मोदी का अपॉइंटमेंट मांग रहे हैं मोहम्मद यूनुस

**नई दिल्ली,23 मार्च।** बांगलादेश के अस्थायी सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस आगामी BIMSTEC शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का अनुरोध भारत से कर रहे हैं। हालांकि अभी तक भारत ने उन्हें प्रधानमंत्री से मिलने का समय नहीं दिया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर से जब एक संसदीय पैनल ने बैठक के बारे में पूछा तो बाद में बात करने का संकेत दिया और इस बैठक में इन मुद्दों को अलग से उठाने की बात की।

विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि SAARC (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) पाकिस्तान के रवैये के कारण निष्क्रिय हो गया है और इसीलिए भारत BIM-STEC को मजबूत करने के लिए प्रयासरत है। जयशंकर ने संकेत दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 से



उन्होंने कहा कि यह मामला अभी विचाराधीन है। गौरतलब है कि यह बैठक इस शनिवार को संसदीय परामर्श समिति की पहली बैठक के रूप में आयोजित हुई थी, जिसमें कई सांसदों ने बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों को लेकर चिंता व्यक्त की और भारत द्वारा इस संदर्भ में उठाए गए कदमों के बारे में सवाल किए। बैठक में एस जयशंकर ने सांसदों को बताया कि ढाका में अस्थायी सरकार ने दावा किया है कि बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर हुए हमले राजनीतिक रूप से प्रेरित थे और इन्हें माइनॉरिटी टार्गेटेड नहीं माना जाना चाहिए। जयशंकर ने सांसदों को बांगलादेश, मालदीव, म्यांमार और श्रीलंका के साथ भारत के संबंधों पर भी जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान और चीन के मामलों पर 4 अप्रैल तक थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होने वाले BIM-STEC शिखर सम्मेलन में भाग ले सकते हैं, हालांकि उन्होंने इस यात्रा की पुष्टि बैठक में नहीं की। बैठक में विभिन्न सांसदों ने बांगलादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों की गंभीरता को लेकर चिंता जताई और भारत सरकार से इसके खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। विशेष रूप से, बांगलादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रहे हमले और उनके बारे में अस्थायी सरकार का बयान चर्चा का विषय बने। जयशंकर ने बांगलादेश की सरकार के इस दृष्टिकोण को साझा किया कि इन हमलों का कोई धार्मिक या अल्पसंख्यक आधार नहीं था, बल्कि ये राजनीतिक कारणों से हुए थे।

# रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बन रहे चर्च का निर्माण रोका गया



रायपुर,23 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

रेलवे प्रशासन ने डब्ल्यूआरएस रेलवे कॉलोनी में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बनाए जा रहे चर्च के निर्माण को रोक दिया है। रेलवे की टीम जब मौके पर पहुंची तो निर्माण से जुड़े लोग जमीन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए, जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवा दिया। रेलवे प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाई गई कि तोड़फोड़ की जा रही है। हालांकि, रेलवे अधिकारियों ने इन अफवाहों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं की गई है, बल्कि अवैध निर्माण को रोका गया है। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों को भी अफवाहों से बचने और प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई है।

### जुलुम में धर्मांतरण को लेकर बवाल

मुजगहन थाना अंतर्गत ग्राम जुलुम में आज धर्मातंरण को लेकर बवाल हो गया। गांव के एक घर में धर्मांतरण की आशंका पर गांव वालों ने मकान को घेर लिया। वहां लोगों को पकड़ा गया। बाद में हिन्दू संगठन के लोग भी जमा हो गये। कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीण थाने के बाहर एकत्र हो गये थे।

### शिशुपाल पर्वत में मिली युवती की 15दिन पुरानी लाश

**महासमुंद।** जिले में 1200 फीट ऊंचाई पर स्थित शिशुपाल पर्वत के वाटरफॉल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां एक अज्ञात युवती की सड़ी-गली लाश मिली है. घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है. मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है. शव करीब 15 दिन पुराना बताया जा रहा है और शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है. मृतिका की पहचान अब तक नहीं हो पाई है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के इलाकों में गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटा रही है. फ्लिहाल, मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है.

# भ्रष्टाचार के मामले में पीसीसीएफ राव के खिलाफ केंद्र सरकार ने दिए जांच के आदेश

रायपुर, 23 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर केंद्र सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र भेजकर मामले में उचित कार्रवाई करने को कहा गया है। यह मामला CAMPA योजना और वनरक्षकों की भर्ती से जुड़ा हुआ है। आरोप है कि श्रीनिवास राव द्वारा 1,628 वन रक्षकों की भर्ती में अनियमितताएं की गईं और CAMPA योजना के तहत भ्रष्टाचार हुआ। यह शिकायत श्री ननकी राम कंवर ने दर्ज कराई थी, जिसमें इन दोनों मामलों की जांच की मांग की गई थी। केंद्र सरकार ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र लिखकर आवश्यक कार्रवाई करने और मंत्रालय को रिपोर्ट भेजने को कहा है। 17 मार्च 2025 को जारी इस पत्र में छत्तीसगढ़ के प्रधान सचिव (वन विभाग) मनोज कुमार पिंगुआ को निर्देशित किया गया है कि वे मामले की जांच करें और उचित कार्रवाई करें। मंत्रालय ने राज्य सरकार से कहा है कि वह नियमानुसार आवश्यक कदम उठाए और शिकायतकर्ता को भी इसकी जानकारी दे। शिकायतकर्ता ननकी राम कंवर, जो कि कोरबा जिले के निवासी हैं, को भी निर्देश दिया गया है कि वे इस मामले में आगे की प्रक्रिया पर नजर रखें और सरकार के जवाब का इंतजार करें। अब छत्तीसगढ़ सरकार को तय करना होगा कि वह इस मामले की जांच किस एजेंसी से कराएगी। यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो श्रीनिवास राव पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। इस पूरे मामले पर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल तेज होने की संभावना है।



# रायपुर सेंट्रल जेल में सबसे ज्यादा बंदी कर रहे पढ़ाई

रायपुर, ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी रायपुर के सेंट्रल जेल में सैकड़ों कैदी शिक्षा की अलख जगा रहे. तिहाड़ जेल के बाद रायपुर में सबसे ज्यादा बंदी पढाई कर रहे. शिक्षा सत्र 2024-25 में पहली कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक 291 कैदी पढ़ाई कर रहे हैं. इन सभी कक्षाओं की परीक्षा के लिए संबंधित शिक्षा संस्थानों, बोर्ड और विश्वविद्यालय ने रायपुर सेंट्रल जेल में परीक्षा केंद्र भी बनाया है. इस तरह से शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर सेंट्रल जेल ने यह उपलब्धि हासिल की है. उम्मीद है कि यहां शिक्षा प्राप्त करने के बाद कैदियों में शायद ही अपराध करने की प्रवृत्ति दोबारा आएगी. रायपुर सेंट्रल जेल में सैकड़ों बंदियों की जिंदगी को शिक्षा के माध्यम से बदलने का प्रयास किया जा रहा है.



यहां भारत साक्षरता मिशन अंतर्गत (उल्लास) 39 बंदी परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं. प्राथमिक व माध्यमिक कक्षा में 72 से ज्यादा कैदी पढ़ाई कर रहे हैं. छत्तीसगढ़ ओपन हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा में 68 बंदी परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं. बीए और एमए में 100 से ज्यादा कैदी हैं. समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, हिंदी साहित्य अंग्रेजी साहित्य, लोकप्रशासन सहित अनेक विषयों पर कैदी पीजी कर रहे हैं. जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य ने बताया कि जेल में कैदियों को शिक्षित करने के लिए अनेक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं. शिक्षा के क्षेत्र में रायपुर सेंट्रल जेल सतत् काम कर रही है. शिक्षा सुविधा के मामले में तिहाड़ के बाद रायपुर सेंट्रल जेल है, जहां सैकड़ों कैदी पीजी की पढ़ाई कर रहे हैं. जेल में अध्ययनरत कैदियों को परीक्षा देने बाहर नहीं जाना पड़े इसलिए चार शैक्षिक संस्थाओं ने रायपुर सेंट्रल को स्थायी परीक्षा केंद्र बनाया है. छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल एनआईओएस, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम्, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से मान्यता मिली है.



### बीएड सहायक शिक्षकों ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की वेशभूषा में निकाली रैली

**रायपुर,23 मार्च।** बीएड सहायक शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है. रविवार को भटगांव बस स्टैंड से भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की वेशभूषा के साथ रैली निकालकर अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे हैं. लंबे समय से समायोजन की मांग कर रहे बीएड सहायक शिक्षकों ने कुछ ही दिन पहले खून से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखा था. सहायक शिक्षक पुलिस प्रशासन से भगत सिंह चौक तक जाने देने की मांग कर रहे हैं. बता दें कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 10 दिसंबर, 2024 को दो सप्ताह के अंदर डीएड डिग्रीधारक को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति का आदेश दिया था. जिसमें बीएड डिग्रीधारक सहायक शिक्षकों की नियुक्ति को रद्द करने की बात कही थी. इसके साथ ही शुरू हुई साय सरकार की कार्रवाई के बाद से BEd सहायक शिक्षक सरकार से नौकरी वापस देने की मांग के अलावा सरकार से समायोजन की मांग कर रहे हैं.

# गुजराती बाप-बेटी की यूएस में हत्या

**वाशिंगटन,23 मार्च।** वर्जीनिया में एक डिपार्टमेंटल स्टोर के बाहर गुजराती पिता-पुत्री की हत्या ने अमेरिका में भारतीय समुदाय को झकझोर कर रख दिया है. अब गुजरात में पीड़ित परिवार ने खुलासा किया है कि बाप और बेटी को एक अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति ने सिर्फ इसलिए गोली मारी थी, क्योंकि उसे शराब चाहिए था और दुकान बंद हो गई थी. उसे इसके लिए दुकान खुलने का रात भर इंतजार करना पड़ा, जिस कारण वह गुस्से में था. प्रदीपभाई पटेल (56) जब 21 मार्च की सुबह करीब 5:30 बजे अपनी बेटी उर्मी के साथ डिपार्टमेंटल स्टोर खोल रहे थे, तभी उस व्यक्ति ने दोनों को गोली मार दी. प्रदीपभाई पटेल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 26 वर्षीय बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. प्रदीप के परिवार ने कहा कि आरोपी की पहचान जॉर्ज फ्रेजियर डेवोन व्हार्टन के रूप में हुई है, जो पूरी रात शराब खरीदने के लिए उनके डिपार्टमेंटल स्टोर के आसपास मंडराता रहा. जब प्रदीप और उर्मी वहां पहुंचे तो उसने उनसे पूछा कि दुकान क्यों बंद है? आरोपी ने इस बात के लिए दोनों पर गुस्सा जताया कि उसे रातभर इंतजार करना पड़ा. गुस्से और आवेश में जॉर्ज ने दोनों पर गोलियां चला दीं. प्रदीप को दो गोलियां लगीं, जबकि एक गोली उर्मी को लगी. घटना के दो घंटे के भीतर अमेरिकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. छह साल पहले प्रदीपभाई और उनकी पत्नी हंसाबेन अपनी सबसे छोटी बेटी उर्मी के साथ विजिटर वीजा पर अमेरिका गए थे. कुछ समय बाद इस गुजराती परिवार ने वर्जीनिया के एकोमैक काउंटी में डिपार्टमेंटल स्टोर खोला.प्रदीपभाई पटेल की एक बेटी कनाडा में रहती है, जबकि दूसरी शादीशुदा है और अहमदाबाद में रहती है. घटना के बाद प्रदीप की बेटी और दामाद अहमदाबाद से अमेरिका पहुंचे. जॉर्ज पर मर्डर, अटेम्प्ट टू मर्डर प्रयास, अवैध बंदूक रखने और अपराध में घातक हथियार के उपयोग की धाराओं में आरोपी बनाया गया है. शेरिफ ऑफिस के बयान में कहा गया है कि जब पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, तो एक व्यक्ति को शॉपिंग सेंटर में फर्श पर पड़ा पाया गया, उसके शरीर पर गोली के घावों के निशान थे और उसकी मृत्यु हो चुकी थी. शॉपिंग सेंटर की तलाशी के दौरान, पुलिसकर्मियों को गोली से घायल एक महिला भी मिली. व्यक्ति को घटना स्थल पर मृत घोषित कर दिया गया.

# रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट

**मुंबई ,23 मार्च।** बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई ने पांच साल बाद क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की है। इस केस की जांच में सीबीआई को हत्या के कोई सबूत नहीं मिले। क्लोजर रिपोर्ट में कहा गया है कि सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या की थी उसकी हत्या होने का कोई सबूत नहीं मिला है। सीबीआई जांच में रिया चक्रवर्ती और उसकी परिवार को क्लीन चिट मिल गई है। जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत ने खुदकुशी की थी। इस मामले में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। सुशांत के पिता ने रिया चक्रवर्ती के ऊपर जो आरोप लगाए थे और रिया ने जो सुशांत के परिवार पर जो आरोप लगाए थे, दोनों केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई है। पहली क्लोजर रिपोर्ट मुंबई में दाखिल की गई है जबकि दूसरी क्लोजर रिपोर्ट पटना में दाखिल की गई है। एक मामला सुशांत के पिता ने दर्ज कराया था, जो एक्टर को आत्महत्या के लिए उकसाने से संबंधित है, जबकि दूसरा मामला सुशांत की कथित गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती ने उनकी बहनों के खिलाफ दर्ज कराया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, रिया और उनके परिवार को क्लीन चिट दी गई है। सीबीआई को कोई ऐसा सबूत नहीं मिला, जिससे यह साबित हो सके कि किसी ने सुशांत सिंह राजपूत को खुदकुशी के लिए उसकाया था। मतलब सुशांत सिंह राजपूत की मौत का कोई जिम्मेदार नहीं है। अब अदालतें तय करेंगी कि रिपोर्ट को स्वीकार किया जाए या एजेंसी को आगे की जांच का आदेश दिया जाए।

# जेल में नशे के लिए बुरी तरह तड़प रहे मुस्कान और साहिल ने खाना-पीना छोड़ा

**नई दिल्ली,23 मार्च।** जेल में आने के बाद से मुस्कान काफ़ी परेशान दिख रही है। वह पूरी रात बेचैन रही और उसने कुछ भी खाने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर, साहिल ज़्यादातर चुप रहा, लेकिन खुलेआम ड्रग्स की मांग करता रहा। शर्मा ने बताया, उनकी मेडिकल जांच में पता चला कि वे नशे के आदी हैं। उनमें नशा छोड़ने के लक्षण थे, वे जेल में नशा नहीं कर सकते। उन्हें नशा छोड़ने के लक्षण के लिए दवा दी जा रही है। मेरठ में सौरभ राजपूत हत्याकांड के आरोपी मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला ने जेल में नशे की मांग की है। दोनों ही नशे के आदी हैं और जेल में इसके लिए तरस रहे हैं। पता चला है कि मुस्कान ने मॉर्फिन इंजेक्शन और साहिल ने मारिजुआना की मांग की है। इसके अलावा मुस्कान ने अपने लिए सरकारी बचाव पक्ष के वकील की भी मांग की है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने बताया कि मुस्कान और साहिल ने मांग की थी कि उन्हें एक साथ या पास की बैरक में रखा जाए। उन्होंने कहा, वे तीन दिन पहले आए थे और उन्होंने कहा था कि उन्हें एक साथ या पास की बैरक में रखा जाए। उन्हें बताया गया कि जेल की व्यवस्था के अनुसार, पुरुषों और महिलाओं के बैरक के बीच कोई संपर्क नहीं है, दोनों अलग-अलग बैरक हैं। इसलिए उन्हें अलग-अलग रखा गया। बताया जा रहा है कि जेल में आने के बाद से मुस्कान काफ़ी परेशान दिख रही है। वह पूरी रात बेचैन रही और उसने कुछ भी खाने से इनकार कर दिया। दूसरी ओर, साहिल ज़्यादातर चुप रहा, लेकिन खुलेआम ड्रग्स की मांग करता रहा। शर्मा ने बताया, उनकी मेडिकल जांच में पता चला कि वे नशे के आदी हैं। उनमें नशा छोड़ने के लक्षण थे, वे जेल में नशा नहीं कर सकते।



उन्हें नशा छोड़ने के लक्षण के लिए दवा दी जा रही है। नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से उनका इलाज किया जा रहा है और उन्हें परामर्श दिया जा रहा है, उन्हें योग और ध्यान के लिए भी भेजा जा रहा है।

# रेलवे की डिजिटल भुगतान प्रणाली आसान

## यात्रियों को मिल रही है लंबी कतार एवं चिल्हर की समस्या से मुक्ति

रायपुर- 23 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने यात्रियों को सुविधा और सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगातार नए प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में रेलवे टिकटों की खरीदारी के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी के मद्देनजर रायपुर मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का प्रावधान किया गया है । रेलवे स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) और यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप जैसी डिजिटल सेवाएं यात्रियों को बिना किसी परेशानी के टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अलावा, रेलवे काउंटरों पर भी यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड




और वॉलेट जैसे डिजिटल भुगतान का विकल्प भी उपलब्ध कराए गए हैं। मंडल के सभी स्टेशनों में बुकिंग कर्मचारियों द्वारा यात्रियों को ऑन लाइन भुगतान के साथ ही एटीवीएम से टिकट लेने के प्रक्रियाओं, इससे होने वाली फ़ायदों तथा घर बैठे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप माध्यम से टिकट लेने के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है । इस पहल से यात्रियों को चिल्हर की समस्या, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति के साथ चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों का समाधान तथा पारदर्शी टिकटिंग की सुविधा प्राप्त हो रही है । डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से यात्री नकली मुद्रा की समस्या से भी बच सकते हैं और सुरक्षित, तेज़ एवं पारदर्शी लेनदेन का लाभ उठा सकते हैं। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया की पूरे देश में डिजिटलाइजेशन एवं ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सकारात्मक पहल करते हुए हमें देश हित में डिजिटलाइजेशन में सहयोग करना है साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी यह एक सार्थक पहल है जितना कम पेपर का उपयोग होगा उतना ही हमारे वृक्ष कटने से बचेंगे और पर्यावरण संरक्षण में बढ़ावा मिलेगा ।

## एक नजर

### 3 ड्रेगन ट्रेन चेसिस बरामद

**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई रिसाली निगम के टंकी मरोदा कार्यालय के सामने से ड्रेगन ट्रेन के 5 चेचिस चोरी मामले में नेवई पुलिस ने लोहे की चोरी करने वाले संजय कबाड़ी और ललित कबाड़ी से 80 किग्रा वजनी 3 ड्रैगन ट्रेन का चेचिंस बरामद कर लिया पुलिस इस मामले में आरोपियों के खिलाफधारा धारा 303.2 ए 317;2 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है नेवई पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गिरधर कुमार चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 मार्च की रात टंकी मरोदा निगम कार्यालय के सामने से 5 ड्रैगन ट्रेन का चेचिंस को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया मुखबिर कि सूचना पर पुलिस ने संजय कबाडी की दुकान पहुंचकर उससे पूछताछ की संजय कबाड़ी ने चोरी किए सामान को ललित कबाडी गोकुल नगर के पास बेचने की जानकारी दी इस पर ललित कबाड़ी के गोदाम से की जांच करने पर 3 ड्रैगन ट्रेन का चेचिस जब्त किया गया। कोहका रोड सुपेला निवासी आरोपी राकेश मिश्रा 27 वर्ष और सड़क नंबर 02 सेक्टर 04 निवासी आरोपी संजय ओझा उर्फ संजय कबाड़ी 48वर्ष के खिलाफअपराध पंजीबद्ध किया है।

### यौन शोषण मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 23 मार्च।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी प्रभारी ने बताया कि पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मनोज ढीमर ने उसके साथ शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया जब पीड़िता ने उससे शादी करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी मुकर गया परेशान होकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत मिलते ही मामले की गंभीरता को देख पुलगांव थाना एवं जेवरा सिरसा पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी की तलाश में लगाया पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आरोपी मनोज ढीमर ( 24 साल ) आरोपी को गिरफ्तार किया रहे हैं ।

### सर्विसेस जोन में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



**भिलाई, 23 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सर्विसेस जोन के अंतर्गत आने वाले विभागों हेतु पाली व कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 21 मार्च को संयंत्र भवन स्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी के सभागार में किया गया। समारोह में जुलाई से सितंबर 2024 के लिए अग्निशमन विभाग के कनिष्ठ प्रबंधक देबाशीष भट्टाचार्जी को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया तथा तनिश कुजूर (ईएमडी), दीपक शुक्ला (आरएमडी), उदयराम नेताम (एमआरडी), पुरुषोत्तम राव (फायर ब्रिगेड) और श्वेतांक सिंह (पीपीसी) कर्म शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तुषार कांत ने अपने संबोधन में सर्विसेस के अंतर्गत आने वाले सभी विभागों में कार्यस्थल से संबंधित चुनौतियों एवं सुरक्षा पहलुओं से अवगत कराया। समारोह में मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, मुख्य महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, अतिरिक्त मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजय धवस, महाप्रबंधक रंजन भारती, तथा महाप्रबंधक जी वी राव उपस्थित रहे।

### आग लगने से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई, 23 मार्च ।** भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 9 स्थित एक बीएसपी क्वार्टर में देर रात आग लग गई। आगजनी की इस घटना में लकवाग्रस्त बुजुर्ग की मौत हो गई। वहीं घर अन्य तीन सदस्यों को पुलिस और अग्निशमन विभाग की रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मृतक बुजुर्ग का नाम उमेश नारायण तिवारी ( 92 वर्ष ) है। फिलहाल आगजनी की घटना का कारण पता नहीं चल पाया है सेक्टर - 9 के स्ट्रीट 3 में सबसे पहले स्थित बीएसपी क्वार्टर में देर रात अचानक आग लग गई। आग बढ़ने पर घर के अंदर मौजूद तिवारी परिवार के लोगों ने शोर मचाया। आवाज सुनकर पड़ोसियों ने बाहर निकलकर देखा तो घर के अंदर से आग की लपटें नजर आने से तुरंत पुलिस और जिला अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम ने सबसे पहले घर के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर

# गौठान में अव्यवस्था, गौमाता की मृत्यु को लेकर भाजयुमो ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 मार्च।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष एवं पूर्व दुर्ग जिलाध्यक्ष नितेश साहू ने कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप संचालित गौठान में व्याप्त अव्यवस्था के कारण हो रही गौ माता की मृत्यु पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर गौठान की व्यवस्था दुरुस्त करने का अनुरोध किया है। नितेश ने गौठान का संचालन करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने आग्रह किया है। नितेश साहू ने बताया कि राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गौठान निर्माण की योजना की शुरुआत हुई थी जिसके अंतर्गत कोसानाला भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप गौठान निर्माण हुआ जो कि किसी निजी संस्था अथवा समूह के द्वारा संचालित होता आ रहा है, उक्त गौठान पूरी तरह से अव्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। जहां गौ माता के बैठने रहने और भोजन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। गौठान का निर्माण गौ माता के संरक्षण और उनके भोजन चिकित्सा की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए किया जाता





है, परन्तु यह गौठान जहां न कोई सीमेंटीकरण हुआ है न कोई शेड है न गौ माता के बैठने की व्यवस्था है न खाने की व्यवस्था है चिकित्सा के लिए कोई देखने वाला नहीं है। पूरा गौठान गंदगी से भरा हुआ है गौ माता को कोई देखने वाला नहीं है। इस पूरे गौठान का संचालन केवल दिखावे के नाम पर हो रहा। जिसका खामियाजा गौमाता को भुगतना पड़ रहा है, उनके भोजन के लिए ना तो चारा को व्यवस्था ना पीने के पानी की व्यवस्था है और भारी गंदगी की वजह से गौमाता संक्रमित होकर बीमार हो रही हैं। जिसके उपचार के लिए कोई उचित चिकित्सा की व्यवस्था भी नहीं है चारा ना मिलना भूखे और बीमार होने की वजह से लगातार गौमाता कुपोषण और मृत्यु का शिकार को रहीं है यह बड़े दुर्भाग्य की बात है, कि अब तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति का इस पर कोई ध्यान नहीं गया है। इस गंभीर विषय को लेकर दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उनसे गौठान का संचालन करने वाले पर कार्यवाही करने के साथ ही गौठान को व्यवस्थित कर गौमाता के रहने खाने और चिकित्सा की बेहतर व्यवस्था करने का आग्रह किया है।



### द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर कन्हैया अग्रवाल ने पूजा की

**कवर्धा।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कन्हैया अग्रवाल ने द्वारकाधीश मंदिर पहुंचकर पूजा की और प्रदेशवासियों ओर कवर्धा वासियों के जीवन में सुख , शांति और समृद्धि आए जिसके लिए पूजा की । कवर्धा वापस लौटने पर कन्हैया अग्रवाल ने बताया की मंदिर में पूजा करके बहुत अच्छा लगा ।

## खैरातुलसी में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



**कवर्धा, 23 मार्च।** मंगलवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 03 के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट ग्राम पंचायत खैरा तुलसी एवं आश्रित ग्राम विपतपुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों का जताया आभार

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्र क्र.3 से निर्वाचित सदस्य रामकुमार भट्ट 18 मार्च विकास खण्ड पंडरिया के अंतिम छोर में बसे एवं क्षेत्र क्र.03 अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरातुलसी एवं आश्रित ग्राम विपतपुर पहुंचकर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से भेंट-मुलाकात कर पुनः विश्वास जताने पर सभी का आभार जताया रामकुमार भट्ट के ग्राम खैरातुलसी पहुंचने पर कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के द्वारा पुष्पहार से भव्य स्वागत एवं अभिवादन किया गया इस अवसर पर श्री भट्ट ने कहा कि आप लोगो ने जो मुझे प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग कर जिला पंचायत सदन में प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा है उसके लिए में आप लोगो का आभारी हूं आप लोगो ने जो मुझ पर विश्वास जताया है उसमें खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हूं । इस अवसर पर सदस्य रामकुमार भट्ट के साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला प्रभारी बेमेतरा दिनेश मिश्रा सरपंच गोविंद वैष्णव उपसरपंच श्रवण धृतलहरे आलोक शर्मा पंचगण रघुनंदन वैष्णव रमा यादव कालिदास सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### राकेश दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष बने

**उतई, 23 मार्च।** छत्तीसगढ़िया बघवा राकेश ठाकुर को कांग्रेस दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जिले के पाटन ब्लॉक धौराभाठा निवासी श्री ठाकुर दबंग एवं निर्भीक नेता



के नाम से जाने जाते हैं क्षेत्र में किसानों के हित के लिए हमेशा उनकी आवाज बनकर उन्हें न्याय दिलाने प्रयत्न शील रहे है। छत्तीसगढ़िया बघवा राकेश ठाकुर को दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के शुभचिंतकों ,प्रहलाद वर्मा घनश्याम गजपाल, जामवान गजपाल ,दुवारिका साहू, लोचन यादव बाहदुर नेताम गुलशन शर्मा ,धनजय नेताम भावेश साहू सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं, द्वारा हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की कामना की है।

## हिंदी में काम करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है:दत्ता



**भिलाई, 23 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग के सहयोग से 21 मार्च को नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि उत्पल दत्ता ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अन्य कार्मिकों को भी हिंदी के आयोजनों में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करना होगा और हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए सहायता करना होगा। उन्होंने कहा कि मेरी मातृभाषा बांग्ला होने के बावजूद मुझे हिंदी में वार्तालाप करना और हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना, विशेषकर लिखना बहुत ही अच्छा लगता है। यदि मुझे हिंदी का ज्ञान नहीं होता तो मुझे ना केवल सहकर्मियों से संवाद करने में कठिनाई होती बल्कि, विभागीय कार्य करने में भी सरलता नहीं होती, अतः हिंदी हमारे कार्य-निष्पादन में भी बहुत ही अधिक सहायक है। हिंदी में काम करना हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है। इस अवसर पर नगर सेवाएँ विभाग द्वारा पर्यावरण एवं सुरक्षा विषय पर आयोजित नारा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, प्रथम पुरस्कार - संजय कुमार श्रीवास्तव, द्वितीय पुरस्कार - पूरन लाल साहू, तृतीय पुरस्कार - सत्यनारायण साहू एवं अजय बनर्जी तथा प्रोत्साहन पुरस्कार केदारनाथ सोनबेर, सुकदेव सोनवानी, शंकर लाल हर्जपाल, सुश्री वर्चला शर्मा, प्रकाश कुमार बंछोर एवं सीताराम साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सहायक महाप्रबंधक एवं विभागीय राजभाषा समन्वय अधिकारी यशवंत कुमार साहू ने बताया कि विभाग द्वारा शत-प्रतिशत पत्राचार हिंदी में किया जाता है तथा राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों का पालन किया जाता है। कार्यक्रम में कृष्णानंद राय, वरिष्ठ प्रबंधक, राजेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ व्याख्याता, सुश्री वर्चला शर्मा, सीनियर शिक्षिका, सुश्री सुलेखा नायक, अनुभाग अधिकारी, आलोक ताम्रकार, इंजीनियरिंग असिस्टेंट, भरपाल सिंह व अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे। मुकुंद दास मानिकपुरी ने आभार प्रदर्शन किया।

## सीएमएम विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित




**भिलाई, 23 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएमएम विभाग में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह विगत दिनों मुख्य महाप्रबंधक डी सतपथी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि देबदत्त सत्पथी ने सुरक्षा जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम की सराहना की और सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर दिया। सीएमएम के महाप्रबंधक प्रभारी एस बलराज ने सुरक्षा प्रथम विषय पर अपने विचार साझा किए। जे पी नायर की टीम द्वारा सुरक्षा नाटक की प्रस्तुति दी गई व सुरक्षा संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। सीएमएम विभाग के सुरक्षा सप्ताह का उद्घाटन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी बी के बेहेरा द्वारा महाप्रबंधक प्रभारी सुब्रत हलधर, महाप्रबंधक प्रभारी एस के अग्रवाल सहित सीएमएम विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि बेहेरा ने जीवन के सभी पहलुओं में सुरक्षा सर्वोपरि महत्व पर जोर दिया व संयंत्र के भीतर और कार्यस्थल पर सुरक्षा कार्य प्रवृत्ति को अपनाकर कार्य करने का आव्हान किया और अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक जी श्रीनिवास राव जीएम तथा सहायक महाप्रबंधक ए एन भावे रहे।

## ग्राम कलवर में डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया



**भिलाई, 23 मार्च ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की राजहरा लौह अयस्क खदान के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के सहयोग से वन विभाग द्वारा डब्ल्यूबीएम (वाटर बाउंड मैकाडम) सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ 22 मार्च को ग्राम कलवर में विधिवत भूमि पूजन के साथ किया गया। यह महत्वपूर्ण अधोसंरचना परियोजना सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के दल्ली राजहरा लौह अयस्क समूह व कलवर लौह अयस्क खदान के वित्तीय सहयोग से प्रारंभ की गई है। प्रस्तावित सड़क ग्राम कलवर की सीमा से प्रारंभ होकर कलवर माइंस के समीप पल्लमंडी मैदान तक बनाई जाएगी, जिसकी कुल लंबाई 2.50 किलोमीटर होगी। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में आवागमन को सुगम बनाना और स्थानीय जनता को बेहतर संपर्क सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन, वन विभाग तथा भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा और कलवर खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। वनमंडलाधिकारी डी.पी. साहू, अनुविभागीय अधिकारी (भानुप्रतापपुर) आई.पी. गेंद्रे, महाप्रबंधक (राजहरा माइंस, बीएसपी अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक (महामाया माइंस) प्रवीण कुमार राय, वरिष्ठ प्रबंधक (राजहरा) पी.के. माझगईया, प्रबंधक के.के. वर्मा तथा बीएसपी-सीएसआर से अशुतोष सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही उप वनपाल जेहेन्द्र मंडावी, दुर्गेश देवांगन एवं तेजभान सूरी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। स्थानीय प्रशासन की ओर से सरपंच प्रतिनिधि धनसिंह ध्रुव, उपसरपंच रमेश सलाम, समिति अध्यक्ष उत्तम सलाम, पंचायत सचिव श्रवण सलाम तथा पंचायत सह-सचिव आनंद जैन ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भूमि पूजन कार्यक्रम में गांव के पुजारी प्रण सिंह डारो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

## जल संरक्षण करना हम सबका दायित्व:विजय बघेल

**भिलाई, 23 मार्च ।** विश्व जल दिवस पर ग्राम पंचायत घुघुवा, जनपद पंचायत पाटन में मुख्य अतिथि विजय बघेल ने विश्व जल दिवस पर जल बचाने प्रतिज्ञा दिलाई और कहा कि जल बचाने की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दिन प्रतिदिन जल स्तर कम होते जा रहा है, हमें जितने पानी की जरूरत होती है उस से अधिक हम खर्च करते हैं। व्यर्थ का पानी बहाते हैं। कहीं गाड़ी धोनी हो तो पाइप लगा कर छोड़ देते हैं। हम पानी के मोल को हम कब समझेंगे ? सांसद विजय बघेल ने कहा कि अब डकैती पानी की होगी। जिसके पास होगा लोग उस से पानी छिनेंगे। पानी के बीना हम दो दिन चार दिन हवा के बिना दो चार घंटे नहीं जी सकते। भविष्य के लिए कल के लिए पर्यावरण की दृष्टि से हमें पानी को बचाना है दिन पर दिन जल का जल स्तर कम होता जा रहा है सरकार और शासन के भरोसे न रहें कैसे पानी को बचाएं उस के लिए हम सभी को लगना है सौ फीट के माध्यम से पानी को बचाने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से घर-घर में लगे और पानी की बचाएं और पानी का




पानी के मोल को समझें, उसे व्यर्थ न बहाएं। हम लोग धरती से पानी को सींच रहे अपने खेतों में इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन हम बरसात का पानी वाटर हार्वेस्टिंग से कैसे रिचार्ज करें उस के लिए किसी का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। हमारे भविष्य वक्ता भी कहने लगे कि तीसरा विश्व युद्ध होगा तो वो पानी को लेकर होगा। ये स्थिति आने वाली है जिसके पास पानी होगा लोग उनको छिनेंगे डकैती सोने चांदी पैसे की नहीं पानी की होगी कम उपयोग करें ! इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष किर्ति नायक, जनपद उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद पंचायत पाटन सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर सांसद प्रतिनिधि राजा पाठक,अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रणव शर्मा, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर, ,ग्राम पहण्डोर सरपंच हेमलता मंडलियां जनपद सदस्य कस्तुरी, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### पिस्टल,तलवार से डरा रहा था, गिरफ्तार



**भिलाई, 23 मार्च ।** भिलाई सरेराह पिस्टल और तलवार दिखाकर लोगों को धमका रहे एक बदमाश को भट्ठी थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है भट्ठी टीआई राजेश साहू ने बताया कि सेक्टर-चार निवासी आरोपित ( 53 साल ) लक्खा सिंह को सेक्टर-चार गार्डन के पास से गिरफ्तार किया गया आरोपित पहले एक पिस्टल दिखाकर लोगों को डरा रहा था इसके बाद उसने अपनी गाड़ी की डिक्की से एक तलवार भी निकाल ली और दोनों हथियार को लहराने लगा स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी इसके बाद पुलिस ने आरोपित को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया

# 12वां जागरण फिल्म फेस्टिवल मुंबई में प्रतिष्ठित लाइनअप और भव्य अवार्ड नाइट के साथ संपन्न

**मुंबई.**और इसी के साथ पर्दा गिर गया! 12वें जागरण फिल्म फेस्टिवल का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जिससे मुंबई सिनेमा, उत्साह और प्रेरणा से सराबोर हो गया। विचारोत्तेजक सत्रों से लेकर रोमांचक आर्ड नाइट तक, अंतिम दिन बेहद खास रहा। यह सिर्फ फिल्मों का जश्न नहीं था, बल्कि लोगों, कहानियों और सिनेमा की अविश्वसनीय शक्ति का उत्सव था। अंतिम दिन की शुरुआत धमाकेदार रही! पहले ही सत्र से उपस्थित लोगों को शानदार वक्ताओं और चर्चाओं की श्रृंखला से रूबरू कराया गया। इस सत्र की शुरुआत अभिनेता पंकज कपूर ने की, जिन्होंने अपने शानदार कॅरियर और भारतीय सिनेमा के विकास पर अपने विचार साझा किए। सम्मानित हस्तियों में सीमा पाहवा, देव फौजदार और जयंत देशमुख ने थिएटर और सिनेमा के गहरे संबंधों पर चर्चा की और बताया कि कैसे नाट्यशास्त्र की तकनीकों ने फिल्म निर्माण को प्रभावित किया है। इसके बाद ऑस्कर विजेता साउंड डिजाइनर रसूल पोकुट्टी ने साउंड डिजाइन की बारीकियों और कहानी कहने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार साझा किए। जागरण फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड नाइट के दौरान भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं के सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान को सराहा गया।



रेट्रोस्पेक्टिव इंडिया श्रेणी में अनुभवी अभिनेता पंकज कपूर को सम्मानित किया गया, जबकि रेट्रोस्पेक्टिव इंटरनेशनल सेग्मेंट में क्रिज़िस्तोफ ज़ानुसी को सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं में रीमा दास प्रमुख नाम बनकर उभरीं, जिन्होंने विलेज रॉकस्टार 2 के लिए बेस्ट स्क्रीनप्ले और बेस्ट एडिटिंग का पुरस्कार जीता। यह फिल्म बेस्ट फीचर फिल्म (भारतीय) का सम्मान भी जीतने में सफल रही। बेस्ट सिनेमैटोग्राफी का पुरस्कार संयुक्त रूप से रईश एस. जला और अर्जुन नेगी को द स्पार्क – चिंगार के लिए प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट बैकग्राउंड स्कोर का पुरस्कार रॉय मेनेज़ेस को इसी फिल्म के लिए दिया गया। राम संपत को लापता लेडीज के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर के पुरस्कार से नवाजा गया।

बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर (2024) का सम्मान शशि चंद्रकांत खंडारे को जिप्सी के लिए मिला। बेस्ट डायरेक्टर का पुरस्कार रीमा दास को विलेज रॉकस्टार 2 के लिए दिया गया। दर्शकों की पसंद (मोस्ट एडमायरिंग फिल्म - ऑडियंस चॉइस) का पुरस्कार नमस्ते सर को मिला, जिसे गौरव असरी ने डायरेक्ट किया है। इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी में बेस्ट फीचर फिल्म (इंटरनेशनल) का पुरस्कार क्वाड्रिलैटरल को प्रदान किया गया। बेस्ट एक्टर (ओटीटी - फीमेल) का पुरस्कार सान्या मल्होत्रा को मिसेज के लिए मिला, जिसे हरमन बावेजा ने स्वीकार किया। बेस्ट एक्टर (मेल) का पुरस्कार स्पर्श श्रीवास्तव को मिला। बेस्ट एक्टर (फीमेल) का पुरस्कार नितांशी गोयल को लापता लेडीज में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया। सिनेमा में विशिष्ट योगदान के लिए विशेष सम्मान से भी कुछ हस्तियों को सम्मानित किया गया। श्री चाबू तुकाराम नागरे को सिनेमाई कला में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विनीत कुमार सिंह को अचीवर्स अवॉर्ड प्रदान किया गया।भारतीय सिनेमा के सच्चे प्रतीक (ट्रू आइकन ऑफ इंडियन सिनेमा) का प्रतिष्ठित खिताब श्री समीर अनजान को दिया गया। भव्य रेड कार्पेट इवेंट पर बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी दर्ज की गई, जिनमें सौरभ सचदेवा, अमित साध, विनीत कुमार सिंह, श्वेता बसु प्रसाद, मधुरिमा तुली, इनामुलहक, ओंकार कपूर, विशाल पांडे सहित कई मशहूर हस्तियां मौजूद थीं, जिन्होंने इस समारोह की शोभा बढ़ाई। इस साल का फेस्टिवल सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें उन लोगों को भी शामिल किया गया जिन्होंने इन फिल्मों को साकार किया। थिएटर के दिग्गजों, बॉलीवुड के प्रतिष्ठित कलाकारों और उभरते सितारों ने मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# सच में हो गई कॉमेडी! जब सेट पर रोहिताश्व गौड़ को कबूतर ने दिया सरप्राइज

एण्डटीवी का शो 'भाबीजी घर पर हैं' पिछले दस सालों से दर्शकों को हंसाता आ रहा है। इसकी कॉमिक टाइमिंग और अजीब से किरदार दर्शकों का खूब मनोरंजन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कभी-कभी इस शो के सेट पर भी ऐसे वाकया होते हैं कि एक्टर्स भी अपनी हंसी नहीं रोक पाते हैं? हमेशा डोरे डालने वाले मनमोहन तिवारी की भूमिका निभा रहे रोहिताश्व गौड़ ने हाल ही में ऐसे एक पल के बारे में बताया है, जिस पर पूरा सेट लोटपोट हो गया था। अपनी सबसे मजेदार यादों में से एक के बारे में बताते हुए, रोहिताश्व गौड़ ऊर्फ मनमोहन तिवारी ने कहा, ''कुछ साल पहले हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे, जिसमें मुझे अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) के घर जाकर बड़े ही आत्मविश्वास के साथ कहना था ''भाबीजी आप कहें और हम न आएं?'' सबकुछ आसानी से हो रहा था। मैं अपने किरदार में था और कैमरा रोल हो रहे थे, और जैसे ही मैंने अपनी लाइन में जान डालने के लिये नाटकीय तरीके से अपना हाथ आगे बढ़ाया, प्रकृति ने खेल कर दिया! कैमरा के ऊपर की तरफ बैठे एक कबूतर ने ठीक उसी पल मुझे आशीर्वाद देने का फैसला किया और सीधे मेरे हाथ पर पॉटी कर दी!



# साई दर्शन सोसाइटी में कौन कर रहा है डरावनी हलचल?

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' हमेशा से ही मध्यमवर्गीय परिवारों की रोजमर्रा की जिंदगी की चुनौतियों, खुशियों और भावनाओं को बड़े ही दिलचस्प अंदाज में दर्शाता आया है। पिछले एपिसोड्स में, वागले परिवार ने खुद को एक कठिन स्थिति में पाया जब सखी (चिन्मयी साल्वी) ने कियारा की जगह एक महत्वपूर्ण क्लाइंट को संभालने का जिम्मा उठाया। हालांकि, एक पिता के रूप में राजेश (सुमित राघवन) सखी की सुरक्षा को लेकर चिंतित थे, लेकिन सखी के अपने रास्ते पर चलने के संकल्प ने घर में तनावपूर्ण माहौल पैदा कर दिया। लेकिन जैसे ही साई दर्शन सोसाइटी ने राहत की सांस ली, एक अजीब साया उन पर मंडराने लगा। इस हफ्ते की कहानी में तब सिहरन दौड़ जाती है जब सिक्योरिटी गार्ड तिवारी को सोसाइटी के गार्डन में एक भूतिया आकृति नजर आती है, जिससे सोसाइटी के लोग सहम जाते हैं। हालात तब और बिगड़ जाते हैं जब एक थर्मल कैमरा वीडियो में कुछ रहस्यमयी दृश्य कैद हो जाते हैं। बात यहीं नहीं रुकती — जल्द ही हर्षद (अमित सोनी) का अजीब बर्ताव पूरे सोसाइटी में हलचल मचा देता है। ऐसा लगने लगता है कि कोई अनदेखी ताकत उसे अपने वश में कर रही है। वहीं, अथर्व (शेहान कपाही) और सखी भी इस भूतिया प्रभाव के चपेट में आ जाते हैं। पूरे साई दर्शन सोसाइटी के सदस्य एकजुट होकर इस रहस्य से पर्दा उठाने की कोशिश में जुट जाते हैं। क्या सच में सोसाइटी में कोई भूत है या फिर ये किसी गहरी साजिश का हिस्सा है? क्या राजेश अपने बच्चों और सोसाइटी को इस अनजान ताकत से बचा पाएंगे? राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमीत राघवन ने कहा, ₹'वागले की दुनिया' ने हमेशा दर्शकों को जिंदगी के छोटे-छोटे पलों से जोड़कर रखा है। इस हफ्ते की कहानी में रोमांचक ट्विस्ट है, जहां साधारण लोगों की जिंदगी में अलौकिक मोड़ आता है। राजेश के लिए परिवार और सोसाइटी की सुरक्षा सबसे ज्यादा मायने रखती है, लेकिन जब उसे किसी तर्क से परे किसी ताकत का सामना करना पड़ता है, तो यह उसकी हिम्मत और विश्वास की परीक्षा लेता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि ये भूत परिवार के लिए खतरनाक है या फिर कहीं ये दोस्ताना भूत तो नहीं है!



# देवी सिंह शेखावत के रूप में वापसी करेंगी उर्वशी

सोनी सब का लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल दर्शकों को प्रेरणादायक कहानी से जोड़ रहा है, जिसमें पुष्पा (करुणा पांडे) एक निडर और मजबूत महिला के रूप में हर चुनौती का सामना करती हैं। इस नए अध्याय में उर्वशी ढोलकिया प्रभावी वापसी कर रही हैं, जो संकट की घड़ी में पुष्पा और उनके परिवार का साथ देंगी। इस रोमांचक मोड़ में उर्वशी ढोलकिया एक प्रतिभाशाली वकील और सामाजिक कार्यकर्ता देवी सिंह शेखावत के रूप में वापसी कर रही हैं, जो पुष्पा और उनके परिवार को एक चौंकाने वाले संकट से बचाने के लिए सामने आती हैं। जब दीप्ति (गरिमा परिहार) और अश्विन (नवीन पंडिता) पर झूठा हिट एंड रन और हीरा चोरी का आरोप लगाया जाता है, तो पूरे परिवार को अन्यायपूर्वक जेल में डाल दिया जाता है। परिस्थितियाँ उनके खिलाफ होती हैं, और गुमराह करने वाले सबूत मामले को और उलझा देते हैं, ऐसे में देवी उनके लिए सबसे बड़ी उम्मीद बनकर सामने आती हैं। क्या वह असली साजिशकर्ता को बेनकाब कर पाएंगी.



# अर्बन क्रूजर टैसर के साथ 'अपना रास्ता बनाइये'

ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की दमदार एसयूवी श्रृंखला में नवीनतम उत्पाद है। यह गतिशील एसयूवी स्टाइल, उन्नत सुविधाओं और पावर-पैक प्रदर्शन का बेहतरीन मिश्रण है, जो इसे प्रतिष्ठा और व्यावहारिकता दोनों चाहने वाले भारतीय ग्राहकों के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है। अपनी आधुनिक स्टाइलिंग और अत्याधुनिक तकनीक के साथ, अर्बन क्रूजर टैसर एसयूवी श्रेणी में टोयोटा की प्रभावशाली उपस्थिति को मजबूत करता है। मार्केटिंग मैनेजर खिलेन्द्र साहू व सीईओ विकास सिंघई ने बताया किवाहन के पावरट्रेन विकल्पों में 1.0लीटर टर्बो इंजन, 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन और एक ई-सीएनजी रूपांतर शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को एक उल्लेखनीय ड्राइविंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 1.0लीटर टर्बो इंजन 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दोनों के साथ उपलब्ध है, जो उन लोगों के लिए बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करता है जो शक्ति और प्रदर्शन को प्राथमिकता देते हैं। 1.2लीटर पेट्रोल इंजन 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) के साथ आता है, जबकि 1.2लीटर ई-सीएनजी विकल्प असाधारण ईंधन दक्षता सुनिश्चित करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो ऑप्शन में 5500 आरपीएम पर 100.06 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है, जो मैनुअल के लिए 21.5* किमी/लीटर और ऑटोमैटिक के लिए 20.0* किमी/लीटर की सेगमेंट बेस्ट ईंधन दक्षता के साथ पावर पैक ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन 21.7* मैनुअल और 22.8*(एएमटी) किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ 6000 आरपीएम पर 89.73 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टाइसर ई-सीएनजी विकल्प में भी उपलब्ध है जो 28.5* किमी / किग्रा की ईंधन दक्षता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, अपने ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण की खोज में, कंपनी ने हाल ही में नई दिल्ली में ₹टोयोटा यू-ट्रस्ट ₹ के ब्रांड नाम के तहत संचालित अपनी दूसरी कंपनी के स्वामित्व वाली टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट (टीयूसीओ) शुरू की है। इन आउटलेट का उद्देश्य ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुरक्षित इस्तेमाल की गई कारें प्रदान करना है.



# क्या माता अंजनी का दिव्य बलिदान युवा हनुमान को बाली के कुटिल जाल से बचा पाएगा?

सोनी सब का भव्य पौराणिक शो 'वीर हनुमान' दर्शकों को भगवान हनुमान के बाल्यकाल की अनकही गाथाओं में ले जा रहा है। इस शो में युवा मारुति की असाधारण यात्रा को दिखाया गया है, जहां वह अपनी दिव्य शक्ति और जीवन के उद्देश्य को खोजते हैं। शो में भक्ति, भावना और संघर्ष की अनूठी झलक देखने को मिल रही है। आन तिवारी ने युवा हनुमान की भूमिका निभाई है, आरव चौधरी ने केसरी की, सायली सालुंखे माता अंजनी के रूप में नजर आ रही हैं, और माहिर पांधी ने बाली और सुग्रीव के किरदारों को जीवंत किया है। यह पौराणिक गाथा हर सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे प्रसारित हो रही है। हाल ही के एपिसोड्स में दर्शकों ने सुमेरु में मारुति के जन्म की दिव्य खुशी देखी, लेकिन जल्द ही यह खुशी गहरे दुख में बदल गई जब माता अंजनी को अपनी अप्सरा स्वरूप की दिव्य जिम्मेदारियों के कारण स्वर्ग लौटना पड़ा। केसरी और युवा मारुति की यात्रा अब उन्हें किष्किंधा की ओर ले जा रही है, लेकिन एक अशुभ भविष्यवाणी ने बाली को एक घातक योजना बनाने पर मजबूर कर दिया है — मारुति को शक्तिशाली हनुमान बनने से पहले ही खत्म कर देना। इस घातक योजना के तहत, बाली ने एक खतरनाक जाल बिछाया है। एक गिरता हुआ पुल मारुति को नदी में गिराने का कारण बनता है, जिससे उसकी जान खतरे में पड़ जाती है। जैसे ही बाली की कुटिल योजना सफल होती दिखाई देती है, स्वर्ग लोक में बैठी माता अंजनी को अपने पुत्र पर मंडराते संकट का आभास होता है। अपनी मातृ भावना से विवश होकर वह एक असहनीय निर्णय लेती हैं — अपने अमरत्व का त्याग कर पृथ्वी पर लौटने का।



क्या माता अंजनी का यह त्याग मारुति को बाली की जानलेवा साजिश से बचाने के लिए पर्याप्त होगा? क्या वह समय पर पहुंचकर असुरों को रोक सकेंगी और अपने बेटे को बचा पाएंगी? शो में माता अंजनी की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे ने कहा, ₹हर मां की सबसे बड़ी प्राथमिकता अपने बच्चे की रक्षा करना होती है, चाहे उसकी कितनी भी बड़ी कीमत चुकानी पड़े। इस हफ्ते अंजनी की यात्रा एक मां के अटूट प्रेम और साहस की कहानी है। वह अपने भाग्य को चुनौती देती है, दिव्य आदेशों को तोड़ती है, और अपने बच्चे को बचाने के लिए अपना अमरत्व त्याग देती है। इस भावना और बलिदान को पर्दे पर जीना मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा है।

# अम्मा की भूमिका निभाने पर निमिषा वखारिया

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'तेनाली रामा' अपनी दिलचस्प कहानियों और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण दर्शकों का चहेता बना हुआ है। कृष्णा भारद्वाज द्वारा निभाया गया तेनाली रामा का किरदार, अपनी बुद्धिमत्ता और रणनीति के कारण हमेशा चर्चा में रहा है। अब शो के नए अध्याय में तेनाली रामा को अपने सम्मान को पुनः प्राप्त करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उसे राज्य से निष्कासित कर दिया गया है। निमिषा वखारिया, जो तेनाली रामा की मां लक्ष्मी अम्मा के रूप में वापस लौटी हैं, ने पहले अपने पुत्र को प्रसिद्धि की ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद की थी, लेकिन अब वह उसके पतन का दर्द भी झेल रही हैं। हालांकि, लक्ष्मी अम्मा संवाद नहीं बोलतीं, लेकिन उनकी भावनाएं और हावभाव ही उनके समर्थन और दृढ़ संकल्प को व्यक्त करने के लिए काफी हैं। इस बार उनका किरदार केवल तेनाली का भविष्य संवारने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उसके सम्मान की लड़ाई में उसके साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं। एक खास बातचीत में, निमिषा वखारिया ने अपने किरदार, 'तेनाली रामा' की लोकप्रियता और अपने अनुभवों को साझा किया।



**तेनाली रामा में लक्ष्मी अम्मा के किरदार में क्या बदलाव आया है?**

जब मैंने यह भूमिका स्वीकार की थी, तब मैं बस यह जानती थी कि मैं एक नायक की मां का किरदार निभाने जा रही हूँ। मुझे नहीं पता था कि लक्ष्मी अम्मा को दर्शकों से इतना प्यार मिलेगा। क्योंकि वह बोलती नहीं हैं, इसलिए मुझे अपने हाव-भाव और इशारों पर पूरी तरह निर्भर रहना पड़ा, जबकि शारदा (प्रियंवदा कांत) उनकी बातों को दर्शकों तक पहुंचाती थीं। शुरू में हमें संदेह था कि क्या दर्शक इस तरह के संवादहीन किरदार से जुड़ पाएंगे, लेकिन वे इसे दिल से अपनाने लगे। इस सीज़न में, लक्ष्मी अम्मा तेनाली के खोए हुए सम्मान को वापस दिलाने के लिए संघर्ष कर रही हैं और उसे अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

**इस सीजन में लक्ष्मी अम्मा, तेनाली के जीवन और उसके विकास में कैसी भूमिका निभा रही हैं?**

एक समय था जब तेनाली, विजयनगर की शान था। लेकिन निष्कासन के बाद, लक्ष्मी अम्मा का एकमात्र उद्देश्य यही है कि वह अपने बेटे को उसका सम्मान वापस दिलाए। वह उसे कभी-कभी डांटती भी हैं, लेकिन उनका प्यार और विश्वास कभी कम नहीं होता। इस सीजन में उनके रिश्ते की भावनात्मक गहराई पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिखेगी। भले ही वह अपने बेटे को घर में अनुशासन में रखती हैं, लेकिन किसी और को उसके अपमान की इजाजत नहीं देतीं। यहां तक कि वह तथाचार्य (पंकज बेरी) जैसे शक्तिशाली व्यक्तियों का भी सामना करने से पीछे नहीं हटतीं। इस सीजन में तमाम कठिनाइयों के बावजूद, वह सुनिश्चित करती हैं कि उनका बेटा हार न माने और लड़ता रहे।

# विषकन्या खतरनाक, रहस्यमयी और विष से भरी है: पवित्रा पुनिया

सोनी सब का लोकप्रिय शो तेनाली रामा अपनी रोचक कहानियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में प्रसिद्ध दरबारी कवि और कुशल रणनीतिकार तेनाली रामा की भूमिका कृष्ण भारद्वाज निभा रहे हैं। इस नए अध्याय में तेनाली विजयनगर लौटता है ताकि उसे काली मां (बरखा बिष्ट) द्वारा बताए गए संभावित खतरे से बचा सके। विषकन्या लैला (पवित्रा पुनिया) ने विजयनगर में नाटकीय अंदाज में प्रवेश किया है। वह एक मोहक नर्तकी के रूप में भेष बदलकर आई है, लेकिन उसके मन में प्रतिशोध की ज्वाला जल रही है। उसकी खूबसूरती और नृत्यकला के पीछे एक घातक उद्देश्य छिपा है—वह पुराने अन्याय का बदला लेना चाहती है। उसका असली निशाना राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) है, लेकिन उसकी योजना में तब मोड़ आ जाता है जब तिम्मारसु (अमित पचौरी) उसकी साजिश का पर्दाफाश करने वाले होते हैं। तिम्मारसु को रोकने के लिए विषकन्या उन पर घातक हमला कर देती है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इस कहानी के नए अध्याय में विषकन्या की एंट्री ने रोमांच, साजिश और सच्चाई बनाम छल की एक दिलचस्प लड़ाई शुरू कर दी है।

हाल ही में पवित्रा पुनिया ने अपने किरदार विषकन्या लैला, तेनाली रामा की सफलता और अपने अनुभवों के बारे में खुलकर बातचीत की।

**आप हाल ही में 'तेनाली रामा' में विषकन्या के रूप में शामिल हुई हैं। इस किरदार में आपको क्या खास लगा?**

मुझे इस किरदार में सबसे ज्यादा आकर्षक इसकी रहस्यमयी प्रकृति लगी। मुझे हमेशा से फैंटेसी और कॉस्ट्यूम ड्रामा पसंद रहा है। इस तरह के किरदारों में एक्शन, इंटेंसिटी और रहस्य होता है, जो मुझे बेहद पसंद हैं। इसलिए इस भूमिका को निभाने से इनकार करने का तो सवाल ही नहीं था।

**आपका किरदार काफी अनोखा और खतरनाक है। आपने इसके लिए कैसे तैयारी की?**

ईमानदारी से कहूं तो इस तरह के किरदार निभाने के लिए मुझे ज्यादा तैयारी की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि ये भूमिकाएं मुझे स्वाभाविक रूप से मिल जाती हैं। यह मेरा यूएसपी बन गया है और मुझे इस पर गर्व है। मुझे खुशी है कि निर्माता मुझमें ऐसे किरदारों को निभाने की क्षमता देखते हैं। मैं हमेशा 100% मेहनत करती हूं ताकि किरदार को पूरी तरह से न्याय दे सकूं। विषकन्या खतरनाक, रहस्यमयी और ज़हर से भरी हुई है—यही गुण इसे मेरे लिए और रोमांचक बनाते हैं।

**विषकन्या एक शक्तिशाली और रहस्यमयी किरदार है। उसकी एंट्री से 'तेनाली रामा' की कहानी पर क्या असर पड़ेगा?**

मेरे किरदार को आए कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन मैं पहले ही दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया महसूस कर सकती हूं। जब भी किसी शो में एक नया किरदार आता है, तो वह ताजगी और रोमांच लेकर आता है। विषकन्या की मौजूदगी ने कहानी में रहस्य और खतरे का नया पहलू जोड़ा है, क्योंकि वह हर मायने में ज़हर से भरी हुई है—शारीरिक रूप से भी और मानसिक रूप से भी। मैं उम्मीद करती हूं कि मेरा किरदार तेनाली रामा की सफलता में योगदान देगा और दर्शकों को लंबे समय तक बांधे रखेगा।



**शो में आपका लुक काफी अलग है। विषकन्या के अवतार में ढलने का अनुभव कैसा रहा?**

यह पहली बार है जब मैं किसी नेगेटिव किरदार के लिए सफेद रंग की पोशाक पहन रही हूं। आमतौर पर ऐसे किरदारों के लिए डार्क रंगों का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन इस लुक में एक अप्सरा जैसी आभा है, जो मुझे बेहद पसंद आई। सबसे अच्छी बात यह है कि इस गेटअप में ज्यादा समय नहीं लगता—बस एक त्वरित बदलाव और मैं तैयार!

**आपने पहले भी मजबूत और असाधारण किरदार निभाए हैं। विषकन्या उनमें कितना अलग है?**

जहां तक किरदार की आत्मा की बात है, विषकन्या मेरे पिछले फैंटेसी किरदारों से काफी मिलती-जुलती है। हालांकि, इसके लुक और स्टाइलिंग में एक नया आकर्षण है। फैंटेसी किरदारों में खास तरह के हावभाव और बॉडी लैंग्वेज होती है, इसलिए उस दृष्टिकोण से यह भूमिका परिचित लगती है। लेकिन मैं लंबे समय बाद इस तरह का किरदार निभा रही हूं, इसलिए यह मेरे लिए ताज़गी भरा अनुभव है।

**अंत में, अपने प्रशंसकों के लिए कोई संदेश?**

मैं बस यही कहना चाहूंगी कि मैं अपने प्रशंसकों के अपार प्रेम के लिए दिल से आभारी हूं। भले ही मैं खलनायिका के रूप में नजर आती हूं, फिर भी मुझे लोगों से इतना स्नेह और सराहना मिलती है—यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं उम्मीद करती हूं कि वे तेनाली रामा में विषकन्या के रूप में मुझे पसंद करेंगे और इस नए अध्याय का भरपूर आनंद लेंगे।

# काली मां की भूमिका दोबारा निभाने पर बरखा बिष्ट ने जताई खुशी

सोनी सब का लोकप्रिय शो 'तेनाली रामा' अपनी दिलचस्प कहानियों और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के कारण दर्शकों का दिल जीतता आ रहा है। इस नए अध्याय में बरखा बिष्ट ने काली मां की भूमिका निभाई है, जो एक शक्तिशाली देवी के रूप में विजयनगर पर मंडरा रहे खतरे की भविष्यवाणी करती हैं। इस भविष्यवाणी के बाद तेनाली (कृष्ण भारद्वाज) सारी मुश्किलों को दूर करते हुए राज्य की सुरक्षा के लिए लौटते हैं। काली मां अपनी दिव्य उपस्थिति और मार्गदर्शन से तेनाली की यात्रा को और भी रहस्यमय और रोचक बना देती हैं।बरखा बिष्ट ने इस भूमिका को निभाने के अपने अनुभव, शो की सफलता और इससे जुड़े अन्य पहलुओं पर खुलकर बात की।

**जब आपको 'तेनाली रामा' के नए अध्याय में काली मां की भूमिका की पेशकश की गई, तब आपकी पहली प्रतिक्रिया क्या थी?**

जब मुझे फिर से काली मां की भूमिका निभाने का मौका मिला, तो मैं बेहद उत्साहित थी। यह तेनाली रामा का दूसरा सीज़न है और मैंने पहले भी इस किरदार को निभाया है। इस शो में वापस आना मेरे लिए बहुत खास रहा। इसका दोबाार हिस्सा बनना वाकई में बहुत खास है। काली मां जैसी पूजनीय देवी का



किरदार निभाना हमेशा एक बड़ी जिम्मेदारी होती है, खासकर भारत जैसे देश में, जहां देवी-देवताओं का विशेष स्थान है। लेकिन इससे ज्यादा मैं इस भूमिका को फिर से जीवंत करने को लेकर सम्मानित और रोमांचित महसूस कर रही हूं।

**काली मां की भूमिका निभाने का सबसे संतोषजनक पहलू क्या रहा?**

इस भूमिका को निभाने का सबसे बड़ा इनाम वह ज्ञान है, जो मुझे इस प्रक्रिया में मिला। हमारे पास देवी-देवताओं पर पढ़ने के लिए अनगिनत पुस्तकें हैं, लेकिन उन्हें पढ़ने का हर किसी को मौका नहीं मिलता। इस किरदार को निभाते हुए, मैंने काली मां के बारे में बहुत कुछ सीखा - उनकी शिक्षाएं, उनकी मान्यताएं और उनका इतिहास। शो में उनकी बुद्धिमत्ता और तेनाली को दी गई सीख को खूबसूरती से दर्शाया गया है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इससे कुछ प्रेरणा लेंगे।

**इतनी शक्तिशाली और भक्तों वाली देवी का किरदार निभाने के लिए आपकी तैयारी कैसी रही?**

काली मां जैसी दिव्य शक्ति को पर्दे पर उतारने के लिए कोई निश्चित तैयारी नहीं हो सकती। उनके विशाल व्यक्तित्व को पूरी तरह से आत्मसात करना किसी के लिए भी आसान नहीं है। मैं बस पूरी ईमानदारी और श्रद्धा के साथ इस भूमिका को निभाने की कोशिश करती हूं, ताकि दर्शक इससे जुड़ाव महसूस कर सकें।

**इस बार काली मां के किरदार में क्या नए बदलाव देखने को मिलेंगे?**

काली मां एक कालातीत देवी हैं, इसलिए उनका मूल स्वरूप और सिद्धांत समान हैं। हालांकि, इस बार उनकी उपस्थिति कहानी में अधिक प्रमुखता से जाहिर होती है। वह तेनाली रामा को न केवल मार्गदर्शन देती हैं, बल्कि कई महत्वपूर्ण मोड़ों पर उनका हौसला भी बढ़ाती हैं। मुझे उम्मीद है कि इस बार दर्शक उनके व्यक्तित्व को और भी गहराई से महसूस करेंगे।

**पौराणिक किरदार निभाने का कलाकारों पर असर होता है। क्या इस भूमिका का आपके व्यक्तिगत जीवन पर कोई प्रभाव पड़ा है?**

बिल्कुल। हर किरदार का अभिनेता पर प्रभाव पड़ता है, लेकिन कुछ किरदार दिल में घर कर जाते हैं। काली मां का चरित्र शक्ति, साहस और आत्म-सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस किरदार ने मुझे भी यह सिखाया है कि हर महिला के भीतर एक काली मां होती है। यह भूमिका मुझे बार-बार याद दिलाती है कि हमें अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानना चाहिए और हर परिस्थिति का सामना साहस से करना चाहिए।

# मया बिना रहे नइ जाए 4 अप्रैल से होगी रिलीज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी!₹एवीएमर₹ गाना ऑडियो वीडियो कंपनी के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म ₹मया बिना रहे नइ जाए₹ 4 अप्रैल से प्रदेशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म निर्माता संतोष कुर्रे और उनके पुत्र डायरेक्टर दीपक कुर्रे के निर्देशन में बनी है। हीरो-हीरोइन असल जिंदगी में भाई-बहन हैं, जो पहले भी कई हिट एल्बम गीतों में साथ नजर आ चुके हैं। फिल्म का निर्देशन कर रहे दीपक कुर्रे को छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्री का लंबा अनुभव है, उन्होंने मशहूर निर्देशक सतीश जैन को भी असिस्ट किया है। संगीतकार कैलाश मांडले ने फिल्म के गीतों को कर्णप्रिय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। फिल्म के निर्माता संतोष कुर्रे ने बताया कि करन-किरण की जोड़ी को एल्बम गीतों में दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला, जिसके चलते उन्होंने फिल्म निर्माण का फैसला लिया। इस फिल्म को बनाने में संतोष सोनू, राम यादव और पारस रजक जैसे अनुभवी तकनीशियनों ने अहम भूमिका निभाई है। मया बिना रहे नइ जाए पारिवारिक ताने-बाने, रोमांस और इमोशन्स से भरपूर फिल्म है। इसके शानदार गाने, दमदार अभिनय और बेहतरीन निर्देशन इसे खास बनाते हैं। यह फिल्म छत्तीसगढ़ी सिनेमा को एक नई ऊंचाई देने की कोशिश है। संतोष सोनू और दीपक कुर्रे ने फिल्म को नया आयाम देने के लिए पूरी मेहनत की है।



**छत्तीसगढ़ी दर्शकों के लिए खास तोहफा-** 4 अप्रैल को बड़े पर्दे पर ₹मया बिना रहे नइ जाए₹ देखने के लिए तैयार रहें और छत्तीसगढ़ी सिनेमा का आनंद उठाएं!

एक नजर

## निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण कर वृहद गृह प्रवेश कराए जाने के दिए निर्देश



**राजनांदगांव 23 मार्च** । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के ग्राम कसारी एवं जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत सुकुलदैहान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत सभी आवासों को नियत समय में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को 30 मार्च 2025 तक पूर्ण कर वृहद गृह प्रवेश कराये जाने का निर्देश दिया। निर्माणाधीन आवासों के निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से सीधे बातचीत कर उन्हें आवास निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर किस्त प्राप्त करने की समझाईस दी गई।सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें वर्तमान में चल रहे आवास प्लस 2024 अंतर्गत छुटे हुए आवास हेतु जरूरत मंद परिवारों को सर्वेयर के माध्यम से सर्वे करवाकर नाम जुड़वाने की जानकारी दिया। सर्वे का कार्य दो तरीकों से अर्थात ग्राम पंचायत के सर्वेयर अथवा स्वयं से सर्वे मोबाईल एप्प के माध्यम से सर्वेक्षित होने की महत्वपूर्ण जानकारी दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत सुकुलदैहान के दिव्यांग हितग्राही का आवास निर्माण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होने के संबंध में जानकारी ली। दिव्यांग हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लाभान्वित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी। निरीक्षण के दौरान जिला समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, सीईओ जनपद पंचायत, कार्यक्रम अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के इंजीनियर, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, नोडल अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सीईओ विश्व जल दिवस पर मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम में हुई शामिल



**राजनांदगांव 23 मार्च** । विश्व जल दिवस के अवसर पर डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कसारी एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह आज मिशन जल रक्षा, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, स्वच्छता एवं फसल चक्र के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा जल संरक्षण के लिए सभी को संकल्प दिलाई। उन्होंने बताया कि मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मिशन जल रक्षा में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में अपनी विशेष सहयोग प्रदान करने कहा। उन्होंने किसानों को कम पानी उपयोग वाली फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन देने की सलाह दी। जिससे पानी के कारण फसल नुकसान नहीं हो। ग्राम पंचायत कसारी के ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास के जिन किसानों द्वारा ग्रीष्मकाल में फसल ली गई थी, उनके फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण नुकसान हुआ है। जिसे देखते हुए किसानों द्वारा पानी का आवश्यकता अनुसार उपयोग करने तथा आने वाली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य संपदा पानी को अधिक से अधिक बचाने के प्रयास करने का संकल्प लिया गया है। इसके लिए सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्रामीणों की प्रशंसा की और जल संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत, सरपंच, पंच, महिला समूह एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## सीआरसी ठाकुरटोला में 25 एवं 26 मार्च को क्षेत्रीय अभिभावक बैठक का आयोजन

**राजनांदगांव 23 मार्च** । सीआरसी ठाकुरटोला के सभागार भवन में 25 एवं 26 मार्च 2025 को क्षेत्रीय अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, अधिकारों एवं लाभों की जानकारी प्रदान करना करना तथा दिव्यांगजनों को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र आंध्रप्रदेश से भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावक शामिल होंगे।

## कहीं नाली पर से गॉर्डन तो कहीं चबूतरा नगर निगम ने जेसीबी से हटाया

**दुर्ग, 23 मार्च।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 21 सिंधिया नगर, हनुमान नगर से लेकर अन्य जगहों पर तक 30 फुट की सड़क अतिक्रमण के कारण आधी रह गई थी। किसी ने सड़क पर दुकान रख ली थी तो किसी ने चबूतरा या सीढ़ियां व नाली के ऊपर गार्डन बना लीं थीं। यही कारण था कि आवागमन में लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। इस संबंध में लोगो ने नगर निगम महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं निगम के अधिकारियों को सूचित किया। मामला संज्ञान में आने के बाद नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने को वार्ड क्रमांक 21 से अभियान चलाकर शुरुवात की करीब 40 से 45 से अधिक अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त किया।

# काम पर लौटने के आदेश की प्रतियां नाराज सचिवों ने जलाई

- 17 मार्च से हड़ताल पर बैठे हैं पंचायत सचिव
- कार्रवाई की धमकी से बिफरे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 23 मार्च।** जिले के सभी 4 ब्लॉकों में कार्यरत पंचायत सचिवों ने शनिवार को राज्य शासन के उस आदेश की प्रतियां जलाई, जिसमें सचिवों को तत्काल ड्यूटी पर लौटने का फरमान जारी किया गया और ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। जिला मुख्यालय के दुर्गा मंडप में धरने पर बैठे पंचायत सचिवों ने उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा व कृषि मंत्री राम विचार नेताम के नगर आगमन पर भी अपना आंदोलन जारी रखा। सचिवों ने सरकार में आने से पूर्व भाजपा नेताओं द्वारा पंचायत सचिवों के नियमितीकरण के आश्वासन की वीडियो क्लिप भी दिखाई।

काम काज ठप -हड़ताल के चलते ग्राम पंचायतों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के जरुरी काम अटक गए हैं। इस बीच शासन ने सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर कहा है कि प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायत सचिव 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिसकी वजह से प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्य प्रभावित हो रहा है। हड़ताल की वजह से ग्राम पंचायतों द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य सेवाओं तथा हितग्राहीमूलक शासकीय योजनओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्राम पंचायतों के कार्यों की अनिवार्यता को दृष्टिगत रखते हुए समस्त हड़ताली ग्राम पंचायत सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त कर अपने कर्तव्य पर लौटने के संबंध में अपने स्तर से निर्देश प्रसारित करें। निर्देश की अवहेलना करने वाले ग्राम पंचायत सचिवों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाए।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा एवं कृषि मंत्री नेताम ने दंतेवाड़ा में संभागीय बस्तर पंडुम की तैयारियों का लिया जायजा



**दंतेवाड़ा 23 मार्च।** दंतेवाड़ा जिले के एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास पर पहुंचे उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने आज दंतेवाड़ा पहुंचकर बस्तर पंडुम 2025 बस्तर का उत्सव के संभाग स्तरीय कार्यक्रम के स्थल का निरीक्षण किया। यह भव्य आयोजन 1 से 3 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बस्तर संभाग के जनजातीय कलाकार अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन करेंगे। निरीक्षण के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, प्रतिभागी दलों की सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बस्तर पंडुम 2025 बस्तर की जनजातीय कला और संस्कृति को पहचान दिलाने का एक ऐतिहासिक अवसर है।

उन्होंने इस उत्सव के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि राज्य सरकार बस्तर की जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस आयोजन से जनजातीय कलाकारों और शिल्पकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिलेगा। बस्तर पंडुम 2025 में जनजातीय नृत्य, लोकगीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, गोदना, पारंपरिक व्यंजन और रीति-रिवाजों का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## पौंड क्लीनर मशीन से की वृहद नाले की सफाई

**दुर्ग, 23 मार्च।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज शिवनाथ नदी इंटकवेल के पंप हाऊस में पुलगांव नाला से बहकर आने वाली जलकुंभी व झिल्ली पन्नी फंसने के कारण हमेशा पेयजल आपूर्ति बाधित होती है इसे रोकने नगर निगम द्वारा लगभग 1 करोड़ 48 लाख की लागत से पौंड क्लीनर मशीन खरीदी गई है जिसका निगम के जल गृह विभाग द्वारा आज विश्व जल दिवस के मौके पर सदुपयोग करते हुए वृहद नाला सफाई अभियान कार्य आरंभ कर दिया है जिसकी शुरुआत करने महापौर श्रीमती अल्का बाघमार स्वयं अपने एमआईसी सदस्यों के साथ शिवनाथ नदी पहुंची और पूजा अर्चना के पश्चात पौंड क्लीनर मशीन में सवार होकर नदी में जमे जलकुंभियो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सफाई अभियान नियमित चलाकर पुलंगाव नाला में भरे पूरे कचरे व जलकुंभी को क्लीन करने के निर्देश दिए ।

# जिला स्तरीय 'बस्तर पंडुम' का रामविचार नेताम ने किया शुभारंभ



**दंतेवाड़ा 23 मार्च।** ''बस्तर पण्डुम''2025 के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम का शनिवार को मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित स्थानीय मेंढका डोबरा में विधिवत शुभारंभ हुआ। राज्य शासन के कृषि और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम ने ''बस्तर पण्डुम''2025 का उद्घाटन करते हुए समूचे जिले के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान दंतेवाड़ा जिले के सभी चारों ब्लॉक के प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय ''बस्तर पण्डुम'' में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान अतिथियों ने सभी विकासखण्डों के द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी अवलोकन कर जनजातीय आभूषण, शिल्प कला, स्थानीय पेय पदार्थों एवं व्यंजन इत्यादि को बारीकी से देखा और जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री नेताम ने शुभारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के प्रतिभागी इतनी बड़ी संख्या में बस्तर पंडुम के इस आयोजन के सहभागी बने हैं। वर्तमान समय में भावी पीढ़ी अपनी संस्कृति, परम्परा, रीति-रिवाज से दूर होती जा रही है, इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को संरक्षित करना है। बस्तर की सांस्कृतिक खुशबु को देश-दुनिया तक पहुंचाना है। यहां की तीज-तिहार अलग-अलग कलाओं एवं रीति-रिवाज को पहचान देने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ''बस्तर पंडुम'' का आयोजन किया जा रहा है। मंत्री श्री नेताम ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस आयोजन से बस्तर की पारंपरिक विरासत, परंपरा, रीति-रिवाज और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार बस्तर के अंदरूनी इलाके के युवाओं को समाज की मुख्यधारा में शामिल कर विकास में सहभागी बनाने के लिए हर संभव पहल कर रही है। यही वजह है कि बस्तर के हर क्षेत्र में विकास की धारा पहुंच रही है और आने वाले दिनों में बस्तर के चहुंओर शांति और विकास की बयार बहेगी। बस्तर की संस्कृति को संजोने के लिए विभिन्न कलाकारों को मंच प्रदान किया जा रहा है। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक कराने का मूल उद्देश्य यहां के युवा माओवाद से मुक्त होकर मुख्यधारा में जुड़ें तथा हमारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की मंशानुरूप बस्तर को मार्च 2026 तक माओवाद समस्या मुक्त कर बस्तर को शांति का टापू बनाएंगे।''बस्तर पंडुम''में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि यह महोत्सव हमारी परंपराओं, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का अवसर है। उन्होंने आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी जड़ों से जुड़े रहें और बस्तर की अनूठी पहचान को आगे बढ़ाएं।''बस्तर पंडुम'' बस्तर की संस्कृति, लोकनृत्य, परम्परा, हाट बाजार और आदिवासी समाज की जीवनशैली को दर्शाने वाला एक प्रमुख आयोजन है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुंजाम, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों सहित इलाके के 18 सर्व समाज प्रमुख और कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, डीएफओ श्री सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी श्री आरके बर्मन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विश्व जल दिवस पर जिले की ग्राम पंचायतों में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 23 मार्च** । रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानुष चून.... रहीम के इस दोहे से पानी के महत्व को तो समझा ही जा सकता है। ऐसे तो हर दिन के लिए पानी का अपना महत्व है परंतु 22 मार्च विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पानी एक ऐसी बहुमूल्य प्राकृतिक संपदा है, जिसका कोई अन्य विकल्प पृथ्वी पर मौजूद नहीं है। जब तक जल है तभी तक जीवन है। जल को बचाने के लिए हम सबको मिलकर हरसंभव प्रयास करने की अनिवार्य आवश्यकता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर राजनांदगांव जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल, स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं गिरते भू-जल के स्तर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं एवं ग्रामीणों को ग्रामों में भू-जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों से भविष्य में पानी की समस्या से बचने के लिए भू-जल संरक्षण व संवर्धन के लिए करने का आग्रह किया गया। कृषकों से फसल चक्र परिवर्तन विषय पर चर्चा की गई और किसानों से धान के बदले कम पानी की खपत वाले अन्य फसल लेने का आग्रह किया गया। उन्हें अलग-अलग किस्म के फसलों से होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और ग्राम में साफ-सफाई रखने के लिए किए जा रहे उपायों के बारे में चर्चा की गई। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में संगम अभियान के उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि संगम अभियान के तहत महात्मा गांधी नरेगा को महिला संगठनों एवं पंचायती राज संस्थाओं के साथ एकीकृत करता है। लखपती दीदी कार्यक्रम के तहत महिलाओं की आय बढ़ाने और सतत आजीविका प्रदान करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने जल संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, पंचायत विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गर्मी के साथ आग लगने की घटनाएं बढ़ी



**दुर्ग, 23 मार्च।** गर्मी बढ़ने के साथ ही दुर्ग जिले में आगजनी की घटनाएं लगातार पेश आ रही है रविवार सुबह चिखली के नारायण राइस मिल में भीषण आग लग गई। आगजनी की इस घटना में बारदाने में भरकर और खुले में रखे लाखों का धान जल गया सुबह साढ़े 7 बजे लगी इस आग पर काबू पाने जिला अग्निशमन विभाग की टीम को 25 से 30 गाड़ियां मंगानी पड़ी। लगभग 12 बजे आग पर काबू पा लिया गया जिला अग्निशमन केन्द्र को आग लगने की सूचना मिली और उसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां एक के बाद एक रवाना हुई। आग इतनी ज्यादा फैल चुकी थी कि उसे बुझाने फायर ब्रिगेड को 25 से 30 गाड़ियों की जरूरत के साथ काफी मशक्कत करनी पड़ी। रही है। इस आगजनी से राइस मिल संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है दुर्ग जिले के नारायण राइस मिल में रविवार की सुबह 7-30 बजे भीषण आग लग गई यह राइस मिल कैलाश रूंगटा का बताया जा रहा है रविवार की सुबह जैसे ही राइस मिल से धुआं निकलना शुरू हुआ तो वहां काम करने वाले मजदूरों ने इसकी जानकारी मालिक को दी। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल गया और तेजी से फैलने लगा। तत्काल मजदूरों को बाहर निकाला गया और इसी सूचना जिला अग्निशमन केन्द्र दुर्ग को दी गई सूचना मिलते ही अग्निशमन केन्द्र से चार से पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। मौके पर पहुंचते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग बुझाना शुरू कर दिया। लेकिन एक के बाद एक लगभग 25 से 30 गाड़ियों की जरूरत आग बुझाने में लगाई गई। आग के कारण बारदाने भी जल गए। कुछ बारदाने में धान भरा हुआ था, उसके भी जल जाने से गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। संभावना जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट से आग लगी है जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन दल ने धान और बारदाने में अच्छी तरह से पानी डालकर बुझा दिया जिससे एक भी चिंगारी ना बढ़े और दोबारा आग ना भड़के मौके पर जेवरा सिरसा चौकी पुलिस की टीम भी मौजूद रही पुलिस ने मजदूरों और लोगों को मिल एरिया से बाहर किया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है आग लगने से मिल मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण जानने के लिए पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस और केरिपु ने गोटपल्ली में स्थापित किया नवीन सुरक्षा एवं जन सुविधा कैंप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 मार्च।** बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यो को गति प्रदान करने के उद्देश्य से श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छ0ग0), श्री राकेश अग्रवाल पुलिस महानिरीक्षक केरिपु छत्तीसगढ़ सेक्टर रायपुर, श्री कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री देवेन्द्र सिंह नेगी पुलिस उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, श्री विक्रम सिंह, कमांडेंट 168 वी बटालियन केरिपु, श्री अमित कुमार कमांडेंट 153वी बटालियन, श्री सरकार राजा रमन कमांडेंट 170वी बटालियन, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 201, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 202, श्री नरेश पवार, कमांडेंट कोबरा 205, श्री पुष्पेन्द्र सिंह कमांडेंट कोबरा 206 के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित ''नियद नेल्ला नार÷ योजना के तहत थाना तर्रेम क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गोटपल्ली में दिनांक 20/03/2025 को नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित किया गया। नवीन सुरक्षा एवं जनसुविधा कैम्प स्थापित करने का उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। नक्सली गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना की जा रही है। क्षेत्र में नक्सल गतिविधियो व चुनौती से निपटने के लिए शासन के मंशानुसार क्षेत्र में लगातार सघन नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने लिए नये सुरक्षा कैम्पों की स्थापना, सुरक्षा बलो की तैनाती और स्थानीय आबादी के साथ संवाद में सुधार शामिल किया गया है। इन प्रयासो का उद्देश्य प्रतिबंधित संगठन की गतिविधियों को रोकना और स्थानीय आबादी की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ सुरक्षा बलों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपनी पहुंच और निगरानी, स्थानीय लोगों को नक्सल हिंसा से निजात दिलाने में मदद मिलेगी। यह कदम नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए कारगर रहेगा। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी उत्साह एवं सुरक्षा का माहौल बना हुआ है। गोटपल्ली में नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से आसपास क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत् सड़क, पुल-पुलिया, शिक्षा, चिकित्सा, मोबाईल नेटवर्क कनेक्टिविटी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार होगा एवं शासन के मंशानुरूप नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ-साथ विकास कार्यो में तेजी आयेगी। ग्राम गोटपल्ली में नवीन कैम्प स्थापित होने से सरकार की ''नियद नेल्ला नार'' योजना के अन्तर्गत केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को प्राथमिकता से आस-पास के पांच गांव तक पहुंचाया जाएगा एवं क्षेत्र में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जायेगा। क्षेत्र के ग्रामीणों में नक्सली भय से आजादी की आशा जगी है। 15 अगस्त 2024 के बाद से अब तक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में 07 एवं पश्चिम बस्तर क्षेत्र में 03 कुल 10 नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना माओवादियों के कोर एरिया में किया गया है। कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज बीजापुर के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव पुलिस अधीक्षक बीजापुर, श्री विक्रम सिंह, कमांडेंट 168 वी बटालियन केरिपु, श्री अमित कुमार कमांडेंट 153वी बटालियन, श्री सरकार राजा रमन कमांडेंट 170वी बटालियन, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 201, श्री अमित कुमार कमांडेंट कोबरा 202, श्री नरेश पवार, कमांडेंट कोबरा 205, श्री पुष्पेन्द्र सिंह कमांडेंट कोबरा 206 अति0पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री मयंक गुर्जर, डिप्टी कमांडेंट कुलदीप सिंह केरिपु ऑप्स रेंज बीजापुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आवापल्ली श्री तिलेश्वर यादव, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी श्री विनीत साहू के साथ जिला बल, एसटीएफ, कोबरा एवं केरिपु बल अधिकारीगण द्वारा मौके पर उपस्थित रहकर नवीन सुरक्षा कैम्प खोला गया है। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापना में जिला बीजापुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर, एसटीएफ, कोबरा 202, 206 एवं केरिपु 168 वीं. वाहिनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



एक नजर

## महतारी वंदन की राशि की वसूली शराब से करना चाह रही सरकार :विनोद चंद्राकर



**महासमुंद,23 मार्च।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा राज्य में 67 नई शराब दुकान खोलने के निर्णय की निंदा की है। श्री चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शराब दुकान खोलकर गाँव के शांत वातावरण को अशांत करने की तैयारी भाजपा की साय सरकार कर रही है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, लगातार शराब की खपत बढ़ाने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार महासमुंद के ग्रामीण क्षेत्रों में 10 स्थानों पर शराब दुकान खोलने जा रही है। यह सरकार महासमुंद सहित पूरे प्रदेश को शराब में डुबोना चाह रही है। प्रदेश में 67 से अधिक नई शराब दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। इसमें महासमुंद जिला भी शामिल है। महासमुंद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने से गाँवों में लड़ाई-झगड़ा बढ़ जाएगा। महिलाओं तथा स्कूली छात्र-छात्राओं, युवाओं को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शराब की बूरी लत में फँस जाएंगे। कम उम्र के युवाओं को शराब का लत लगेगा। यह सरकार शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी खुलेआम शराब परोसने की तैयारी कर रही है। चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के समय भाजपाइयों ने शराब को लेकर खूब हल्ला मचाया था। पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर महिला मोर्चा की बहनों ने तो अनेक बार बड़ा आंदोलन भी किया था। शराब के कारण आए दिन घरों में विवाद फसाद, शराब की लत में युवा वर्ग बड़े-बड़े अपराध, किशोर वर्ग के बच्चे भी शराब के आदी होने का हवाला देकर महिला मोर्चा की माताओं-बहनों ने कई बार आंदोलन किया था। लेकिन, सरकार बदलते ही भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता, मोर्चा की बहनों को शराब में कोई बुराई नजर नहीं आ रही। भाजपा की सरकार नई-नई शराब दुकानें खोलकर, आहता में एयर कंडीशन लगाकर शराब पीने की सुविधा दे रही है। और अब ग्रामीण क्षेत्रों में शराब वितरण का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। चंद्राकर ने बताया कि पूरे प्रदेश के 67 नई शराब दुकानों में महासमुंद जिले के 10 ग्रामों में दुकान खोलने की तैयारी है। उनमें ग्राम बम्हनी, ग्राम रायतुम (झलप), ग्राम खट्टी, ग्राम तेंदुकोना, सरायपाली क्षेत्र के ग्राम बिरकोल, बसना विखं के ग्राम बड़ेसाजापाली, महासमुंद के बिरकोनी, बसना क्षेत्र के ग्राम तोषगांव, ग्राम आंवराडबरी (खल्लारी), तथा ग्राम खम्हरिया शामिल हैं। यह सरकार महतारी वंदन की 1-1 हजार रु. की रा?शि वसूली शराब से करना चाह रही है।

## अग्निवीर पुरुष भर्ती के परिणाम घोषित 680 उम्मीदवारों को मिली सफलता

**रायगढ़, 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती परिणाम 21 मार्च 2025 को घोषित कर दिया गया है। दिसम्बर 2024 में रायगढ़ भर्ती में 6,726 उम्मीदवारों ने भाग लिया था, जिसमें से 680 उम्मीदवार अग्निवीर जीडीए अग्निवीर तकनीकी और अग्निवीर ट्रेडमेन के लिए चुने गए हैं। जो कि इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। यह परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी (JIA) साइट (www.joinindianarmy.nic.in) पर उपलब्ध है और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए गए है। अग्निवीर कर्लक और अग्निवीर डब्ल्यू.एम.पी.का परिणाम 1-2 दिन में आने की संभावना है। सभी अभ्यार्थियों को 24 मार्च 2025 को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर जो कि शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय किकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित है वहाँ प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना जरूरी है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 01 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू होगी। भारतीय सेना सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। भारतीय सेना मे चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 अथवा 0771-2965214 पर संपर्क करें।

# नपाध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने किया डाक बंगला सहित कई वार्डों का निरीक्षण,जल्द बदलेगी तस्वीर

- नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने नगर के डाक बंगाल वॉर्ड सहित विभिन्न वार्डों का किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 23 मार्च।** नगर के बहुचर्चित डाक बंगला वार्ड की तस्वीर जल्द बदलेगी। बीते 10 साल से विकास का इंतजार कर रहे इस वार्ड में अब नई उम्मीद जगी है। नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष रिखीराम यादव ने शुक्रवार को वार्ड पार्षद खेम सिंह बघेल के साथ औचक निरीक्षण किया। लंबे समय से यहां पक्की सड़क, नाली और सफाई व्यवस्था की कमी थी। कई जगह नालियां जर्जर हो चुकी हैं। पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने सभी समस्याओं को बारीकी से देखा और त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सीएमओ गिरीश कुमार और इंजीनियर अश्वनी वर्मा भी मौजूद थे। नगर के इस वार्ड में पिछले दो कार्यकाल से पार्षद निष्क्रिय रहे। इस कारण कोई बड़ा विकास कार्य नहीं हुआ। सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई थी। नपा अध्यक्ष ने कार्यभार संभालते ही सबसे पहले इस वार्ड का निरीक्षण किया। मालूम हो कि इसी वार्ड से चुनाव में उन्हें सबसे अधिक बढ़त मिली थी। वार्ड भ्रमण के दौरान उन्होंने सड़क, पानी, बिजली और सफाई व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डाक बंगला वार्ड का विकास उनकी प्राथमिकता में है। सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देंगे। नालियों की त्वरित सफाई और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। जर्जर नालियों और सड़कों की मरम्मत के भी आदेश दिए। रविवार को भी नपा अध्यक्ष ने नगर के अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 9 से 15 तक का दौरा किया। वार्ड 9 में साप्ताहिक बाजार और मुख्य सड़क, वार्ड 10 में ठाकुरदिया, वार्ड 11, 12 और 13 में खुली नालियों और सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। निर्माण के बाद सड़क पर जमा मलबा हटाने को कहा। नवरात्रि को देखते हुए वार्ड 12 में ज्वारा विसर्जन से पहले तालाब की सीढ़ियों की मरम्मत और सफाई के निर्देश दिए। छिंद तालाब का भी निरीक्षण किया। यहां सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए कार्य योजना बनाने को कहा। इस दौरान पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, वार्ड 9 के पार्षद मधु देवांगन, वार्ड 13 के पार्षद बिंदु सिन्हा, वार्ड 12 के पार्षद पुरुषोत्तम यादव और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे।

# माओवाद के आतंक से मुक्त होने वाली पंचायत को एक करोड़ के निर्माण कार्य की तत्काल स्वीकृति मिलेगी:उपमुख्यमंत्री शर्मा

- बस्तर की संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे महान संस्कृति है
- देशद्रोह को कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
- संभाग स्तरीय आयोजन दंतेवाड़ा में होगा जिसमें देश-दुनिया के लोग पहुंचेंगे



**बीजापुर 23 मार्च ।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री श्री विजय शर्मा बस्तर पंडुम के जिला स्तरीय आयोजन के मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि बस्तर की संस्कृति पूरी दुनिया में सबसे महान है जिसे संजोए रखने संरक्षित एवं संवर्धित करने का ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के पहल से पूरे देश - दुनिया में बस्तर की संस्कृति को अलग पहचान मिल रही है। बस्तर पण्डुम का ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दंतेवाड़ा में होगा जिससे प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित केन्द्रीय मंत्रीगण एवं देश-विदेश के लोग हमारी सभ्यता, संस्कृति और पांरपरिक विधाओं को देखने आएंगे ऐतिहासिक और भव्य आयोजन होगा जिसमें बीजापुर के समस्त जनता को आमंत्रित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की।वहीं बीजापुर जैसे खूबसूरत और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिले में लाल आतंक को जड़ से मिटाने अमन चैन और शांति का वातावरण निर्मित करने के लिए कहा कि समूचे बस्तर को लाल आतंक से मुक्त होना चाहिए इस लाल आतंक ने किसी को कुछ नहीं दिया, अभी हर जिले के हर पंचायत से युवाओं को रायपुर घुमाने ले जाया गया। हर एक पंचायत के युवाओं से खड़े होकर बात करता हूं। मुझे आश्चर्य होता है और दुख है इस बात का कि बीजापुर के अंदरूनी क्षेत्र के बच्चे 25 वर्ष के हो गए हैं लेकिन कभी टीव्ही नहीं देखे हैं कोई जगदलपुर नहीं पहुंचा है कोई रायपुर नहीं पहुंचा है स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी, सड़क, बिजली, मोबाईल टावर यह बुनियादि चीजें है इसे गांव-गांव तक पहुंचाना चाहिए कोई इसे क्यो रोक कर रखेगा।नक्सली जिनके खुद के बच्चे विदेश में पढ़ते हैं गांव में छोटा सा स्कूल नहीं बनाने देते जिसके गांव के बच्चे पढ़ सके। सारे गांव के उन्नति और विकास को रोक कर रखा है। और इस बात का विश्वास रखे कि माननीय केन्द्रीय गृहमंत्री का स्पष्ट कहना है कि मार्च 2026 तक सशस्त्र नक्सलियों का समापन पूरे देश में होकर रहेगा।जो भी पंचायत अपने पंचायत के भटके हुए जो भी लोग होंगे विभिन्न कारणों से संघटनों से जुड़े हुए उनका काम करते हैं। ऐसे सारे लोगो का कोई प्रकरण नही बनेगा और ग्राम पंचायत में प्रस्ताव करते है कि उनका गांव माओवाद और लाल आतंक से मुक्त हुआ तो उस पंचायत को तत्काल एक करोड़ का निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाएगी। उस पंचायत में विद्युत, मोबाईल नेटवर्क तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। पुलिस की बड़ी कार्यवाही चल रही है और उस पूरी कार्यवाही के बीच में सरकार की तरफ से सरकार एक गोली नही चलाना चाहती मुख्यधारा में आ जाएं मुख्यधारा में आने पर सभी सुविधाएं मिलेगी अगर किसी ने आतंक का रास्ता नहीं छोड़ा तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। देशद्रोह को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने बस्तर की संस्कृति और उसकी मौलिकता को बचाए रखने जनजाति रीति-रिवाज, खान-पान, परंपरा, वेशभूषा को संरक्षित एवं संवर्धित करने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम के आयोजन हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पेरे पुलैया नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी श्री पी सुंदरराज, डी आईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जनप्रतिनिधिगण, श्री जी वेंकट, श्री निवास मुदलियार, श्री घासीराम नाग, श्री संजय लुक्कड़ सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन की समस्त योजनाओं का मिले समुचित लाभ :उप मुख्यमंत्री



**बीजापुर, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के सबसे सुदूर क्षेत्र तेलंगाना के सीमा से लगे पामेड़ सहित पालागुड़ा, मारूड़बाका, भैरमगढ़ के 28 आत्मसमर्पित नक्सलियों को कौशल विकास के तहत राजमिस्त्री एवं अन्य प्रशिक्षण प्रदाय कराया जा रहा है। विगत तीन माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा का स्वागत भारत माता की जय घोष करते हुए किया।इस अवसर पर आत्मसमर्पित नक्सलियों ने उपमुख्यमंत्री से सीधा संवाद करते हुए अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की जिसमें रामलू भंडारी, अर्जुन मड़काम, सोमारू माड़वी, सुखराम हेमला सहित अन्य साथियों ने छत्तीसगढ़ सरकार के पुनर्वास नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहले के नक्सल संगठन का जीवन एक भटका हुआ और गुमराह से भरा जीवन था। उस खोखली विचारधारा को त्याग कर समाज के मुख्यधारा से जुड़कर बहुत ही बेहतर जीवन मिला लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की जानकारी के अभाव में हम रास्ता भटक गए थे किन्तु शासन के पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर एक बेहतर जीवन जी रहे हैं। आज शासन-प्रशासन द्वारा हमें कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर समाज के मुख्यधारा में शामिल हो सके।उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने उनके अनुभवों को गंभीरतापूर्वक सुना और आाधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता सहित सभी प्रकार आवश्यक दस्तावेज पुनर्वास केन्द्र में ही बनवाकर केन्द्र और राज्य शासन के समस्त योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने। वहीं पुनर्वास केन्द्र में उनके दैनिक दिनचर्या से अवगत होकर प्रार्थना, पूजा-अर्चना को शामिल कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने आवश्यक पहल करने, एक्सपोजर विजिट कराकर बाहरी दुनिया का भ्रमण कराने रायपुर, जगदलपुर जैसे शहर ले जाने के निर्देश दिए। ज्यादातर लोग पढ़ाई नहीं किए है उनको साक्षर बनाने के लिए आवश्यक पहल करते हुए दिनचर्या में शामिल कर खेलकूद, मनोरंजन, देशभक्ति फिल्में दिखाने सहित उनको नियमित आमदनी के स्त्रोत हासिल हो सके उस दिशा विशेष प्रयास करने के निर्देश कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत को दिए। राज मिस्त्री के कार्य सीखने पर कुछ लोगों ने उत्साहित होकर कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत सिविल कार्य करेंगे ताकि व्यवसाय एवं आमदनी का स्त्रोत मिल सके।उप मुख्यमंत्री से मिलकर सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बस्तर कमिश्नर श्री डोमन सिंह, आईजी पी सुंदरराज, डीआईजी श्री कमलोचन कश्यप, कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व श्री संदीप बल्गा सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से मिले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा



**बीजापुर, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज बीजापुर पहुँचकर गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से बीजापुर जिले के रक्षित केंद्र में मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की भुजाओं की ताकत के बदौलत आज मैं सड़क मार्ग से बीजपुर आया हु। इसके पूर्व कोई भी गृहमंत्री सड़क मार्ग से बीजापुर नही आये।गौरतलब है कि 20 मार्च को हुए इस मुठभेड़ में 14 महिला माओवादी सहित कुल 26 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद । शिनाख्त माओवादियों में डिवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम और पीएलजीए सदस्य शामिल थे। इस मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, रॉकेट लॉचंर, बीजीएल लांचर हथियार समेत विस्फोटक पदार्थ, दवाईया, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ। बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी सीएएफ और अन्य समस्त सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2025 में बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध माओवादी विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत 80 दिनों में कुल 97 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये द्य जिसमें जिला-बीजापुर में विगत 80 दिनों में 82 माओवादियों का शव बरामद हुआ है ।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर सभी जवानों को बधाई देते हुए कहा कि मैं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की ओर सभी जवानों के लिए शुभकामना संदेश लेकर आया हूँ, आपके अदभूत पराक्रम और शौर्य से बस्तर में सुख-शांति फिर से लौटेगी। इस अभियान से आपने देश और दुनिया की सोच बदली है।भीषण मुठभेड़ में हमारे एक जांबाज जवान शहीद हुए उसको मैं श्रद्धांजलि देता हूं। बस्तर शांति का टापू रहा है, परन्तु कुछ दिग्भ्रमित लोगों के कारण यह की शांति भंग हुई है। हमारे सुरक्षा बल और पुलिस के जवान ऐसे लोगों को नेस्तनाबूद करके ही रहेंगे। यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ऑपरेशन रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति के सकारात्मक परिणाम मिले है। इस अवसर पर बस्तर आईजी सुंदरराज पी,डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस बल के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# धान खरीदी एवं परिवहन के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी तय करे सरकार:बसंत ताटी



**भोपालपटनम,23 मार्च।** बीजापुर जिला में आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों द्वारा संचालित 30 धान उपार्जन केन्द्रो में कुल 5 लाख 54 हजार क्रिंटल धान का उठाव आज पर्यंत नहीं किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि संपूर्ण बीजापुर जिला में आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित 30 धान उपार्जन केन्द्रो में लगभग 12 लाख क्रिंटल धान की खरीदी किसानों से किया गया लेकिन इस खरीदे हुए धान का परिवहन कार्य 28 फरवरी तक तय समय सीमा के भीतर नहीं किये जाने से लेम्पस प्रबंधकों के सिर पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ताटी का कहना है कि धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ होते ही किसान अपने खेत खलिहान से सीधे उपार्जन केन्द्रो मे लाकर धान का विक्रय तो कर देते हैं लेकिन इस वक्त धान में नमी होने के कारण भंडारण किए हुए धान का परिवहन तय समय सीमा के भीतर नहीं किए जाने से धान सूखकर वजन घटने के साथ साथ बे मौसम होने वाली बारिश से भी भीगकर खराब हो जाता है चुंकि धान खरीदी से लेकर परिवहन तक की जिम्मेदारी आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों पर होने की वजह से सूक्ति से लेकर परिवहन तक के होने वाले समस्त नुकसानो की भरपाई भी समितियों को दी जाने वाली कमीशन की राशि से की जाती है जिससे समितियों के पास बजट का अभाव होने के कारण आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों मे कार्यरत कर्मचारियों को वेतन का भुगतान नहीं हो पाता है ताटी ने यह भी कहा कि समितियों को मिलने वाली कमीशन राशि से भी जब नुकसान की भरपाई नहीं हो पाती है इन हालातो में संबंधित प्रबंधकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर वसूली करने का प्रावधान भी है इन विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों के प्रति डटे रहने वाले प्रबंधकों की स्थिति अत्यंत चिंता जनक है अंत में ताटी ने कहा सरकार को इस संबंध में गंभीरता से विचार करते हुए धान खरीदी तथा परिवहन के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां तय किए जाने की आवश्यकता है ताकि समितियों मे कार्यरत प्रबंधक राहत की सांस ले सके।

## जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

**महासमुंद 23 मार्च ।** महासमुंद जिला पंचायत अंतर्गत आज जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत महासमुंद में विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, पूर्व राज्य मंत्री श्री पूनम चंद्राकर, येतराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, राज्य आयोग की सदस्य सरला केसरिया ,पूर्व भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ओपी चौधरी, धकारी श्री एस आलोक द्वारा शपथ दिलाई गई।

# बड़े भवनों और फायर सेंसेटिव स्थानों की करें जांच:कलेक्टर



**रायगढ़, 23 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने जिले में अधिकारियों की बैठक ले कर लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था की समीक्षा की। इस अवसर पर एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिला सेनानी से कहा कि पिछले कुछ सालों में रायगढ़ शहर और जिले में जहां आग लगने की घटना सामने आई हैं ऐसी जगहों का एक बार पुन- निरीक्षण करें, फायर सेंसेटिव भवनों का भी मुआयना कर वहां आग बुझाने के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी रखें। उन्होंने बड़े भवनों में भी आग बुझाने की तैयारियों की समीक्षा के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि अगले कुछ दिनों में बड़े त्यौहार है। इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को लेकर सभी अधिकारी अलर्ट रहें और अपनी समुचित तैयारी रखें। उन्होंने जिले के उद्योगों में बाहर से आने वाले श्रमिकों के जानकारी नियमित अंतराल में उद्योगों से लेने और उसके सत्यापन के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने सभी थाना प्रभारियों को इस संबंध में नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वालों की पहचान कर आवश्यक प्रतिबंधात्मक और बॉउंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने सड़कों पर अवैध पार्किंग और ओवरलोडिंग पर हुई कार्रवाई की जानकारी ली। डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि पिछले दो माह में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत करीब 60 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। इसी प्रकार आरटीओ के द्वारा लगभग 3.40लाख रुपए का जुर्माना वाहनों पर लगाया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि वाहनों की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए। जुर्माने के साथ लोगों को जागरूक कार्यवाही बेहद जरूरी है। उन्होंने हाइवे में सड़क किनारे मालवाहक ट्रकों के रात में पार्किंग को लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इन ट्रकों की ट्रॉलियों के पिछले हिस्से में अनिवार्य रूप से रेडियम पट्टियां लगाने के निर्देश दिए। जिससे रात के अंधेरे में वाहनों के टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगेगी। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि राही, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, एसडीएम खरसिया डॉ.प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री राकेश गोलछा, एसडीएम धरमजयगढ़ श्री धनराज मरकाम, एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी, एसडीएम लैलूंगा सुश्री अक्षा गुप्ता, डीएसपी ट्रैफिक श्री उत्तम प्रताप सिंह, डीएसपी मुख्यालय श्री सुशांतो बनर्जी, डीएसपी उन्नति ठाकुर, समस्त तहसीलदार, थाना प्रभारी तथा अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### गर्मी में ट्रक चालकों के लिए उद्योगों में पेयजल और कूलर पंखे की व्यवस्था

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि गर्मियों के दौरान कई बार ट्रक ड्राइवर अनलोडिंग की बारी का इंतजार करते हुए केबिन में ही रुक जाते हैं। अनलोडिंग प्वाइंट पर उनके पेयजल, रुकने का कोई इंतेजाम नहीं होता है। ऐसे में ट्रक ड्राइवर की तबीयत बिगड़ती है। पिछले वर्ष इस प्रकार की घटनाओं से कुछ ड्राइवर्स की मौत भी हो गई थी। ऐसे मामले नहीं आए इसके लिए उद्योगों में ट्रक ड्राइवर्स के लिए पेयजल, ओआरएस, रुकने के लिए व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि उद्योगों से बात कर हाइवे पर कुछ स्थानों में वाटर पॉइंट भी बनाए जाएं। जहां पानी के साथ ओआरएस की भी व्यवस्था हो। उन्होंने घरघोड़ा मार्ग के साथ विशेष रूप से हमीरपुर और झारसुगुडा हाइवे पर भी ऐसी व्यवस्था के लिए उद्योगों से समन्वय के निर्देश दिए।

### ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध हो पर्याप्त ब्लड यूनिट

कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में ब्लड बैंक में ब्लड यूनिट की उपलब्धता के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित ब्लड बैंक्स में ब्लड यूनिट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। जिससे मरीजों को आपातकालीन स्थिति में भटकना न पड़े। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप निर्देशित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस से समन्वय करते हुए नियमित रूप से ब्लड डोनेशन कैंप करवाएं।

### नशा मुक्ति केंद्र से डिस्चार्ज लोगों से रखें नियमित संपर्क

कलेक्टर श्री गोयल ने समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति केंद्र का लाभ लेकर डिस्चार्ज हुए लोगों से नियमित संपर्क रख यह देखने के लिए कहा कि कहीं वे फिर से नशे की गिरफ्त में तो नहीं आ रहे। इस प्रकार की स्थिति में उनकी काउंसलिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री गोयल ने इसके साथ अवैध नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल स्टोर्स से नशीली दवाएं बिना डॉक्टर के पर्ची के अवैध रूप से बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई नियमित रूप से करने के निर्देश दिए।

### गर्मी में लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग रखे समुचित तैयारी

कलेक्टर श्री गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को गर्मी के मौसम में लू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ितों के त्वरित राहत के लिए समुचित तैयारी रखने के निर्देश दिए।

गांवों में मितानिनों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने और लू से बचने और बीमार पड़ने पर सही इलाज लेने के प्रेरित करने के निर्देश दिए।

# महिला जागृति शिविर में बाल विवाह रोकने का दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल/सोनाखान, 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को सफल बनाने के लिए महिला बाल विकास विभाग बलौदाबाजार जिला के कसडोल परियोजना के अंतर्गत टुंडरा सेक्टर में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया और बाल विवाह रोकने संबंधी जन - जागरुकता अभियान के बारे में सुपरवाइजर शीला धृतलहरे ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत जानकारी दी गई।

यह शिविर टुंडरा सेक्टर के अंतर्गत ग्राम नरधा में आयोजित किया गया था जिसमें ग्राम पंचायत की सरपंच महोदया उतरा कंवर के साथ ग्रामीण जन भी बहुतायत में उपस्थित थे जिन्हें विस्तार से जानकारी दी गई। सुपरवाइजर शीला धृतलहरे ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, इसके दुष्प्रभाव, रोकथाम के उपाय, आपातकालीन



हेल्पलाइन चाइल्ड लाइन 1098 और कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बतलाया कि यदि कोई वयस्क पुरुष बाल विवाह करता है तो उसे दो वर्ष का कठोर कारावास या एक लाख रुपए का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

नरधा ग्राम पंचायत की सरपंच महोदया के साथ उपस्थित पंचगणों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं तथा मितानिन महिला समूह की दीदियों ने भी इस संदर्भ में अपने-अपने मत प्रकट किये और लोगों से अपील की कि वह किसी भी स्थिति में समय से पूर्व अपनी बालिकाओं का विवाह न करें। बाल विवाह करने से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## समाचार संक्षेप

### जिला पंचायत अध्यक्ष सार्वा ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 23 मार्च।** धमतरी जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण सार्वा के द्वारा आज अपने गृह ग्राम सांकरा स्थित अपने निवास पर भव्य रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र भर के हजारों लोगों के साथ ही जिले के भाजपा नेता पूर्व विधायक सहित जिला सदस्य जनपद सदस्य नवनिर्वाचित सरपंच भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं शुभचिंतकों ने भाग लिया और होली मिलन समारोह के हिस्सा बने, इस दौरान जिला अध्यक्ष अरुण सार्वा ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया एवं माथे पर चंदन की टीका लगा कर फूलों से होली खेल कर सभी को बधाई दिया, इस अवसर पर लोगों ने भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उत्साह पूर्ण माहौल में फूलों की होली खेलकर अरुण सार्वा एवं पूरे परिवार को होली की बधाई और शुभकामनाएं दी गई, उल्लेखनीय है कि होली का त्योहार ना केवल रंगों और उल्लास का पर्व है, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है, इसके साथ ही लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देता है। रंगों की जगह फूलों का उपयोग किए जाने वाला यह त्योहार प्रकृति, प्रेम, खुशी और सामाजिक एकता का संदेश देता है। फूलों की होली को प्रकृति के प्रति सम्मान और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। होली मिलन की इस आयोजन के दौरान क्षेत्र भर से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता और शुभचिंतकों ने दी अरुण सार्वा को होली की बधाई, बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिया।

### छग पंजाबी सनातन महिला मंडल के होली मिलन समारोह में पहुँची डीएसपी पारुल खंडेलवाल



**रायपुर, 23 मार्च।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया जिसमें उपपुलिस अधीक्षक, असिस्टेंट कमांडेंड दुर्ग पारुल खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने साहस व ज्ञान के बल पर समाज के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा कर रही है, नारी शक्ति यदि ठान ले तो वह हर चुनौती का आसानी से सामना कर सकती है। उन्होंने धुर नक्सली प्रभावित सुकमा में पदस्थापना के दौरान मिली चुनौतियों का विस्तार से जिक्र किया। इस अवसर पर गीत, संगीत, नाट्य की रंगारंग प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्रीमती रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी एवं मंत्री मीना बजाज आदि उपस्थित हुए। सांस्कृतिक व कार्यक्रम में सीमा, कमलेश, पूजा, चरणजीत, रीता, डॉ बग्गा व वंदना की भूमिका सराहनीय रही।

## एक नजर

### हैदराबाद की प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर 25 को रायपुर में

**रायपुर, 23 मार्च।** तेलंगाना के हैदराबाद की प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर आरती बलदवा 25 मार्च को राजधानी रायपुर पहुंच रही है जहां सदर बाजार स्थित सहेली ज्वैलर्स में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक आरती राजधानीवासियों से मिलकर उनसे व्यापक अनुभव साझा करेगी। इस दौरान सटीक और सार्थक रीडिंग प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वह व्यक्तियों को उनके जीवन में स्पष्टता और समझ हासिल करने में सहायता करेगी। साथ ही दिशा चाहने वाले व्यक्तियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही अपनी रीडिंग के माध्यम से लोगों को सही निर्णय लेने और जीवन की यात्रा को आगे बढ़ाने में भी मदद की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन करवाना होगा जिसके लिए अनिता खंडेलवाल, सविता गुप्ता व कविता राठी नियुक्त किए गए है। कार्यक्रम में तंबोला गेम भी खिलाया जाएगा। इसके साथ ही सहेली ज्वैलर्स द्वारा अनेक उपहार बांटे जाएंगे।

### कन्या शाला भखारा में न्योता भोज आयोजित




**भखारा, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत भखारा के वरिष्ठ पत्रकार मेहत्तर राम साहू ने अपनी पोती कु. गंगा साहू पिता भारत राम माता गायत्री साहू की जन्मदिन कन्या शाला भखारा में मनाया गया। इस अवसर पर कन्या शाला भखारा के बच्चों को न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, केला एवं टमाटर चटनी खिलाया गया। प्रधान पाठक उषा साहू, शिक्षक अमजत खान, रूद्रप्रताप पूरी एवं लिकेश साहू सहित सभी ने कु. गंगा साहू का जन्मदिन मनाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किये साथ ही न्योता भोज कराने के लिए अठभैया परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राजसात वाहनों की नीलामी से मिला 18 लाख रुपये का राजस्व



**बलौदाबाजार, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के विभिन्न थाना एवं चौकी में आबकारी एक्ट एवं NDPS के मामलों में जप्त वाहनों का न्यायालय द्वारा आदेश होने उपरांत शासन के पक्ष में राजसात करने हेतु आदेशित किया गया था, जिसके लिए उक्त राजसात वाहनों की नीलामी प्रक्रिया आयोजित किया जाना था। 13 मार्च को राजसात वाहनों की नीलामी के लिए विधिवत विज्ञापन जारी किया गया तथा उक्त नीलामी की सूचना Balodabazar Police Facebook पेज के माध्यम से भी प्रसारित की गई। उक्त राजसात किए गए सभी वाहनों को आम लोगों के देखने के लिए रक्षित केन्द्र बलौदाबाजार परिसर में रखा गया था। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमजनों के लिए दो पहिया वाहन हेतु 2000 एवं चारपहिया वाहन हेतु 5000 का डिमांड ड्राफ्ट की अनिवार्यता रखी गई थी, जिसे 20 मार्च को पुलिस लाइन के कार्यालय में जमा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपना स्थान पक्का किया जाना था। शुरू में नीलामी प्रक्रिया 20 मार्च को आयोजित होनी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर 22 मर्च को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, जिला परिवहन अधिकारी, तहसीलदार बलौदाबाजार, रक्षित निरीक्षक बलौदाबाजार एवं एमटीओ रक्षित केंद्र की 05 सदस्यीय कमेटी का गठन कर नीलामी प्रक्रिया पुलिस लाइन परिसर बलौदाबाजार में आयोजित किया गया।

# फाइलेरिया की दवाई खाने से महिला गंभीर

## सरकारी अस्पताल की कुछ नर्स करती हैं अभद्र व्यवहार, मरीजों के परिजनों से की जाती है वसूली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 23 मार्च।** तिल्दा नेवरा के वार्ड क्रमांक 20 निवासी महिला की फाइलेरिया दवाई खाने से हालात नाजुक बनी हुई है बता दे की राज्य सरकार के आदेशानुसार आंगनवाड़ी और मितानिनों के माध्यम से घर घर जाकर फाइलेरिया की दवाई खिलवाई जा रही है इसी अभियान के तहत तिल्दा बस्ती के राजेंद्र वार्ड क्रमांक 20 में भी फाइलेरिया की दवाई का वितरण किया गया।

परिजनों के बताएं अनुसार दवाई की रिएक्शन के कारण महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है जिसे पहले सरकारी हॉस्पिटल में ले जाकर भरती करवाया गया वहां से मिशन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया मिशन हॉस्पिटल में भी स्थिति नहीं सुधरने पर रायपुर के एम्स हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है और आईसीयू में भर्ती है परिवार जनों का आरोप है कि महिला की स्थिति को बगैर जाने हुए दवाई वार्ड के मितानिन द्वारा खिला दिया गया और पार्षद द्वारा जानकारी मांगने पर मितानिन ने पार्षद से अभद्र व्यवहार किया नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कला वर्मा, उपाध्यक्ष पलक विकास सुखवानी और जनप्रतिनिधियों के सरकारी हॉस्पिटल पहुंच कर मामले की जानकारी जुटाने की कोशिश की गई तो वार्ड क्रमांक 20 की मितानिन के द्वारा




दुर्व्यवहार किया गया दुर्व्यवहार का यह कोई नया मामला नहीं है सरकारी हॉस्पिटल के लिए आए दिन यहां मरीज के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत आती रहती है यहां परिजन इस नाम से भी चुप पड़ जाते हैं कि उनको अपने मरीज का इलाज करवाना है ना की किसी से बहस करनी है यहा पर कार्यरत कुछ महिला नर्स जो कई वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए हैं जीस कारण वह अपने आप को सरकारी हॉस्पिटल का मालिक समझ बैठे हैं आए दिन मरीजों के परिजनों से दुर्व्यवहार करते है।

सूत्रों का कहना कि ये नर्स डी लवरी में आने वाली महिलाओं के परिवार वालों से पैसे की मांग करते है और कम देने या नहीं देने वाली प्रसूता के तरफ ध्यान नहीं देते और तो और डॉक्टरों की बात नहीं सुनते है वही इस मामले पर सरकारी हॉस्पिटल के बीएमओ उमा पैकरा से बातचीत करने पर बताया कि अगर किसी व्यक्ति का पहला से दवाई या कुछ चल रहा है तो उसको फाइलेरिया की दवाई नहीं दी जाती है लेकिन बिना जांच के दवाई दे दिया गया है तो उसकी जांच करवा कर निश्चित रूप से कार्यवाही की जाएगी जनप्रतिनिधि यो ने कहा है कि ऐसे स्टाफ को तत्काल हटा देना चाहिए इनकी जानकारी उच्च अधिकारियों के देकर उनके ऊपर कार्यवाही करने की मांग की जाएगा।

## लालबाग पुलिस ने किया मोबाइल चोरी करने वाले 6 आरोपियों व खरीदी करने वाला दुकानदार का पर्दाफाश

# 16 नग एंड्राइड फोन जब्त, आरोपी भेजे गए जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 23 मार्च।** घटना का सक्षित विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा जिले में हो रहे चोरी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी लालबाग प्रशिक्षु भा0पु0से0 ईशु अग्रवाल के नेतृत्व में 21 मार्च को मुखबीर सूचना 2 लडके रेवाडीह शासकीय शराब भठ्ठी के पास ईमली झाड के नीचे चोरी के मोबाईल फोन को छुपाकर रखे हुये बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहे है, की सूचना पर रवाना होकर मुखबीर के बताये अनुसार पहुंचकर 2 लडको को घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ किया गया जो दोनो संदेहियों की तलाशी पर सोहेब खान उर्फसोनू के जेब से




2 नग एन्ड्राईड फोन एवं संदेही अनिकेत गजभिये उर्फ नानू से 1 नग एन्ड्राईड फोन बरामद हुआ। दोनों आरोपीयों से पूछताछ पर संदेहियों के बताये अनुसार अन्य आरोपीयों युवराज सिंह राजपूत से 2 नग, भरत बंसोड से 3 नग, आदित्य मरकाम से 3 नग, सिध्दार्थ लहरे उर्फ सिध्दू से 3 नग एंव संदेहियों के बताये अनुसार ममता नगर के दुकान में बेचना बताये जो दुकानदार देवेश देवांगन से 2 नग मोबाईल जप्त किया गया। कुल सभी 7 आरोपीयों से 16 नग एन्ड्राईड मोबाईल जप्त किया गया। आरोपीयों का यह कृत्य धारा 317(5) बीएनएस का पाये जाने से थाना लालबाग में अपराध क्रमांक 128/2025 धारा 317(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपीयों को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में उप निरी0 हृदयशंकर पटेल, सउनि राजू मेश्राम, आर0 राजकुमार बंजारा, कमल किशोर यादव, राकेश ठावरे, राकेश ध्रुर्वे, फागु साहू, की सराहनीय भूमिका रही।

आरोपियों के नाम सोहेब खान, सोहेब रजा उर्फ सोभू पिता अब्दुल फरीद (20) निवासी साधूचाल तुलसीपुर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव, अनिकेत गजभिये उर्फ नानू पिता संजय गजभिये (28) निवासी गली नं.-5 एकता चौक ममता नगर थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव, युवराज सिंह राजपूत उर्फदीप पिता स्व0 राजकिशोर (19) निवासी बजरंग चौक तुलसीपुर, भरत बंसोड़ पिता स्व0 ईश्वर बांसोड. (19) निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर, आदित्य मरकाम उर्फकोंदा पिता सुरेश मरकाम (22) निवासी बंगाली चाल बसंतपुर, सिध्दार्थ लहरे उर्फ सिध्दू पिता गोवर्धन लहरे (19) निवासी सिविल लाईन जाली खाता राजनांदगांव, देवेश देवांगन पिता रूखमन देवांगन उम्र 26 वर्ष निवासी ममता नगर थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव है।

# पुलिस ने जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर की रात्रि के समय नाकाबंदी व चेकिंग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 23 मार्च।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा 21-22 मार्च की दरम्यानी रात्रि 2 से 6 तक जिले में प्रवेश करने वाले 9 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने



वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के खरतोरा नाका, चिखली पुल गिधपूरी, शिवरीनारायण महानदी पुल, ग्राम कुरकुटी बेरियर बया, अमलडीहा पुल करहीबाजार, सेमरिया घाट भाटापारा, बेमेतरा रोड छोटा पुल सिमगा, ग्राम मोहरा एवं लिमतरा में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया। इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों, लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे रात्रि में बाहर निकलने कारण एवं रात में यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 39 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।

### सयंत्रों के समीप के क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण के लिए टीम गठित

**बलौदाबाजार, 23 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले मे संचालित सीमेंट सयंत्र एवं क्रेशरों के खनन क्षेत्र के समीपवर्ती इलाकों मे पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या की सतत निगरानी एवं निराकरण कराने के लिए कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा एक समिति गठित कर दी गई है। समिति 15 दिवस के भीतर सभी सीमेंट सयंत्रो एवं क्रेशर क्षेत्र का भ्रमण कर तथ्यों की समुचित जांच करेंगे। पेयजल एवं कृषि निस्तारी की समस्या पाए जाने पर सम्बंधितों से समस्या का समाधान कराते हुए जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

### महिला सप्ताह के दौरान वेदांता एल्युमीनियम ने दिया वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता व कौशल प्रशिक्षण पर जोर




**रायपुर, 23 मार्च।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने सफलतापूर्वक महिला सप्ताह आयोजित किया। इस सप्ताह में कई असरदार कार्यक्रम और पहलें की गई, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और कंपनी के प्रचालन में लैंगिक समावेशिता को बढ़ावा देना था। ये प्रयास कंपनी समूह के व्यापक अभियान 'शक्ति से प्रगति' का हिस्सा थे। 'शक्ति से प्रगति' वेदांता की प्रतिबद्धता है, जिसके माध्यम से कंपनी महिलाओं को उनके जीवन, कार्यस्थल, घर, समुदाय और देश में परिवर्तन के प्रेरक के रूप में सशक्त बनाती है। यह उनकी ताकत, लचीलेपन और असीम क्षमता का उत्सव है - यह एक ऐसी यात्रा जो उन्हें आगे बढ़ने, बाधाओं को तोड़ने और अपने भविष्य की नई इबारत लिखने में मदद करती है। महिला सप्ताह का मुख्य आकर्षण ओडिशा के झारसुगुडा में कंपनी के एल्युमीनियम प्लांट में पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित पहली स्मेल्टर लाइन का शुभारंभ था। कंपनी की इन पहलों का ध्येय कंपनी में महिलाओं की लैंगिक भेदभाव रहित नियुक्ति तथा 2030 तक कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं की नियुक्ति है। कौशल विकास और समावेशी कर्मचारी पुस्तिका शुरू करने से लेकर वित्तीय साक्षरता और आत्मरक्षा प्रशिक्षण तक, वेदांता के महिला सप्ताह के दौरान महिला कर्मचारियों, भागीदारों और स्थानीय समुदायों को प्रेरित करने, उनका उत्थान करने और उनका समर्थन करने का काम किया गया।

### कौशल व कृषि नवाचार के जरिए ग्रामीणों की आजीविका को बढ़ावा देने वेदांता एल्युमीनियम और नाबार्ड ने हाथ मिलाया



**रायपुर, 23 मार्च।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी, वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के कालाहांडी जिले में कार्यबल कौशल, जल संसाधन प्रबंधन और कृषि विविधीकरण हेतु 1 करोड़ रुपए की ग्रामीण विकास पहल को लागू करने के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ सहभागिता की है। इस संबंध में एक स्वीकृति पत्र के आदान-प्रदान के माध्यम से इस सहयोग को औपचारिक रूप दिया गया है। ओडिशा के संसाधन संपन्न लेकिन आर्थिक रूप से वंचित इलाकों में कुशल कार्यबल के निर्माण और कृषि लचीलेपन को मजबूत करने की दिशा में यह एक अहम् निवेश है। इस भागीदारी के तहत, दोनों संगठन रोजगार के अवसरों को बढ़ाने और दीर्घकालिक कृषि स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई कदम उठाएंगे। इस पहल के अंतर्गत लांजीगढ़ में वेदांता के कौशल प्रशिक्षण केंद्र में 'फूड एंड बेवरेज स्टीवर्ड कोर्स' के तहत 60 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा, ताकि उन्हें उद्योग-संबंधित कौशल से लैस किया जा सके। यह कदम इलाके में बढ़ते रोजगार के हालात के मुताबिक होगा। इस प्रोजेक्ट के पहले चरण में 210 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसके साथ ही कृषि अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे, जिसमें सामुदायिक तालाबों, खेत पोखरों, चैक डैम सहित 275 जल संरचनाओं का निर्माण शामिल है, ताकि किसानों के लिए जल सुरक्षा बढ़ाई जा सके और खेती की 2380 एकड़ भूमि पर हल्दी, अदरक और गेंदा जैसी उच्च मूल्य वाली फसलें लगाई जा सकें, जिससे स्थानीय सूक्ष्म उद्यमों के विकास को बढ़ावा मिले।

## उत्तरप्रदेश और ओडिशा के किसानों ने जिले के फिश फार्म का किया भ्रमण

# परिपक्व मत्स्य प्रजनकों की पहचान, रखरखाव व निरोगी रखने के बताए उपाय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मार्च।** जिले के विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम रामपुर स्थित प्रदेश का एक मात्र मोनो सेक्स तिलापिया हेचरी एम0एम0 फिश सीड कल्टीवेशन प्राइवेट लिमिटेड फिश फार्म का उत्तरप्रदेश एवं उड़ीसा के किसानों ने विगत दिनों भ्रमण किया। कृषको ने मोनो सेक्स तिलापिया प्रजाति की मछली बीज (स्पान) का उत्पादन, वृहद एवं मध्यम आरएएस, मतिन-मण्डल एक्वाटेक जैनेटिक्स केन्द्र एवं कलस्टर में निर्मित नर्सरियों में मत्स्य बीज (फाई एवं फिंगरलिंग) उत्पादन एवं मत्स्य कल्चर का अवलोकन



किया। भ्रमण के दौरान मत्स्य कृषकों को परिपक्व मत्स्य प्रजनकों की पहचान एवं रख-रखाव सहित निरोगी रखने के उपाय बताए गए

सहायक संचालक मत्स्य ने बताया कि लगभग 90-100 एकड़ में विकसित एम0एम0फिश सीड कल्टीवेशन फिश फार्म का उत्तर प्रदेश एवं उड़ीसा से आये 50 प्रगतिशील मत्स्य कृषकों को भ्रमण कराया गया। इस फार्म से मोनो सेक्स तिलापिया प्रजाति की मछली बीज को छत्तीसगढ़, उड़ीसा, केरल, उत्तरप्रदेश, झारखण्ड, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान राज्यो में विक्रय किया जाता है। कृषको को विकासखंड सिमगा के ग्राम बैकोनी में रायपुर - बिलासपुर रोड हाईवे पर स्थित मछली चारा फर्म मण्डल एक्वाटेक प्राइवेट लिमिटेड का भ्रमण किया गया। यहां कृषको को फिश फीड के कम्पोजिट (मिश्रित) घटक, फिश फीड का महत्व तथा विभिन्न प्रोटीन प्रतिशत के फिश फीड के विषय में जानकारी दी गई। फिश फीड फैक्ट्री में लगभग 150 मे.टन फिश फीड का उत्पादन कर स्थानीय एवं आसपास के राज्यों के मत्स्य कृषकों को विक्रय किया जाता है।

### जल संरक्षण के लिए ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 23 मार्च।** विश्व जल दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रीय जल मिशन अंतर्गत जल शक्ति अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल की बर्बादी को रोकने के लिए जिले के ग्राम पंचायतों मे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जल शपथ कार्यक्रम मे सरपंच पंच, स्व सहायता समूह की



महिलाएं एवं ग्रामीणों द्वारा शपथ लिया गया। कार्यक्रम मे संगोष्ठी एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें जल संरक्षण के महत्व को बताया गया। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना, जल की बर्बादी को रोकने प्रेरित किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26